Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 33 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 13 जुलाई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



झूठ से मेल करने से जीवन की सम्पदा नष्ट हो जाती है।

The wealth of life will get destroyed if we meet falshood.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी ने कहा- किसी भी नेता के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग न करें

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं से भाजपा नेता स्मृति ईरानी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल न करने की अपील की है। राहुल गांधी ने एक ट्वीट के माध्यम से यह संदेश साझा किया। राहुल ने ट्वीट कर कहा जीवन में जीत और हार होती रहती है मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे स्मृति ईरानी या किसी अन्य नेता के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और बुरा व्यवहार करने से बचें। लोगों को अपमानित करना और उनका अपमान करना कमजोरी की निशानी है, ताकत की नहीं।

### श्री रामलला का दर्शन करने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अयोध्या धाम जाएंगे

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 13 जुलाई को श्री रामलला का दर्शन करने अयोध्या धाम जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 13 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11 बजे महर्षि वाल्मिकी इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री पूर्वान्ह 11:15 से शाम 5 बजे तक श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में श्री रामलला का दर्शन और मंदिर भ्रमण करेंगे। वे शाम 5:15 बजे अयोध्या धाम एयरपोर्ट से प्रस्थान कर संध्या 6:45 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर लौट आएंगे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 15 नए इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सिस्टम को हाईटेक कर हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने आज अपने आवास से 15 नए इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन सुरक्षित यात्रा की गारंटी देता है और इससे अन्य वाहन चालकों में भी सुरक्षा का भाव पैदा होता है। बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए हमें यातायात नियमों का पालन करने के लिए अधिक सचेत और गंभीर होने की आवश्यकता है। नियमों का पालन कर हम न केवल अपने बल्कि सहयात्रियों के अधिकारों का भी सम्मान करते हैं। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक श्री अनुज शर्मा और पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा सही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वाहनों की उपयोगिता और तकनीकी विशेषताओं की जानकारी भी ली।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हर वर्ष हजारों लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं और कई लोगों में स्थाई दिव्यांगता आ जाती है। इस समस्या का समाधान समाज के सभी वर्गों के सहयोग से हो सकता है। यातायात नियमों का पालन कर वाहन चालक न केवल अपना व अपने परिवार बल्कि समाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

- **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की अपील- यातायात नियमों का पालन कर लोग अपनी जिम्मेदारी निभाएं**
- **छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी नियंत्रण में मददगार होंगे इंटरसेप्टर वाहन**
- **ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव और सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की होगी कड़ी निगरानी**
- **आधुनिक तकनीक से लैस वाहन, नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई**
- **सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना सर्वोच्च प्राथमिकता, हाईटेक सिस्टम का अधिकाधिक उपयोग कर दुरुस्त करेंगे ट्रैफिक व्यवस्था**

नियमों का पालन करने से सड़कों पर अनुशासन और व्यवस्था बनी रहती है, जिससे अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सकता है। गंतव्य तक की यात्रा सुखद और सुरक्षित अनुभव के साथ पूरी होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नए इंटरसेप्टर वाहनों से नियमों का पालन न करने वालों पर निगरानी रखी जाएगी। हमारा उद्देश्य चालान वसूलना नहीं बल्कि लोगों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक व सचेत करना है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी नियंत्रण के लिये सर्वसुविधायुक्त इंटरसेप्टर वाहनों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, ताकि ओवर स्पीडिंग, नशे में वाहन चलाना, निर्धारित मापदण्ड से अधिक चकाचौंध के हेड लाईट्स, वाहन में लगे ध्वनि यंत्रों की तेज आवाज मापने तथा वाहनों के ग्लास में निर्धारित मापदण्ड से अधिक गहरी काली फिल्म लगाकर अपराध करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कार्यवाही की जा सके। 15 नवीन इंटरसेप्टर वाहन मिलने से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चिन्हित कर कार्यवाही की जा सकेगी। इन वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा 360 डिग्री निगरानी हेतु सर्विलांस कैमरा भी है, जिससे सड़क दुर्घटना के मामले में कानून व्यवस्था की स्थिति की बेहतर निगरानी और सुगम यातायात प्रबंधन की कार्यवाही भी कर पाएंगे।

राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा निधि प्रबंधन समिति की अनुशंसा पर राज्य शासन से प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत सड़क सुरक्षा कोष मद से इन वाहनों का प्रबंध किया गया है।

वर्तमान में नवीन इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती जिला रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ सरगुजा, जगदलपुर, कांकेर में की जा रही है। इन 15 जिलों में इंटरसेप्टर वाहनों के संचालन हेतु कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

## बिम्सटेक विदेश मंत्रियों से मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ऊर्जा-व्यापार समेत कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली ( एएनआई )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में बिम्सटेक विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित विविध क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए मंत्रियों के समूह के साथ उपयोगी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक और सामाजिक विकास के इंजन के रूप में बिम्सटेक की भूमिका पर बल दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि बिम्सटेक विदेश मंत्रियों से मिलकर खुशी हुई। कनेक्टिविटी, ऊर्जा, व्यापार, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। सफल शिखर सम्मेलन के लिए थाईलैंड को पूरा समर्थन।

**थाईलैंड में होगा बिम्सटक :** आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन सितंबर में थाईलैंड में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड को पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शांतिपूर्ण, समृद्ध, सुरक्षित बिम्सटेक क्षेत्र के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने भारत की नेबरहुड फर्स्ट और लुक ईस्ट पॉलिसी के साथ-साथ क्षेत्र में सभी की सुरक्षा और विकास के लिए अपने विजन सागर के महत्व पर प्रकाश डाला।

**क्या है बिम्सटेक? :** बिम्सटेक एक क्षेत्रीय संगठन हैं। सात देश इसके सदस्य हैं। बिम्सटेक का पूरा नाम बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन है। बंगाल की खाड़ी के तटवर्ती और नजदीक स्थित देश इस संगठन के सदस्य हैं। भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार और थाईलैंड बिम्सटेक का हिस्सा हैं। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्र में विकास और एक दूसरे को सहयोग प्रदान करना है।

## छत्तीसगढ़ के 11.74 लाख किसानों को मिला 5250 करोड़ रूपए अल्पकालीन कृषि ऋण

**लक्ष्य का 72 प्रतिशत राशि वितरित**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मार्ग दर्शन में राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 11.74 लाख किसानों को राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से 5250 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रूपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक वितरित कुल राशि लक्ष्य का लगभग 72 प्रतिशत है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है। जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में 5 हजार करोड़ रूपए के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी की प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने तथा खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना प्रारंभ किए गए थे। इसके अलावा किसानों को साहूकारों के चंगुलों से बचाना इसका एक प्रमुख उद्देश्य था। वर्तमान समय में इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

## कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने नाबार्ड के साथ मिलकर मुंबई में एक प्री-लॉन्च स्टेकहोल्डर मीट का आयोजन किया





**मुंबई ( विश्व परिवार )।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के साथ मिलकर 'एग्री श्योर' फंड की घोषणा करने के लिए एक प्री-लॉन्च स्टेकहोल्डर मीट आयोजित की, जो स्टार्ट-अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए एक कृषि फंड है। इस फंड की घोषणा नाबार्ड की सहायक कंपनी नैबवेंचर्स ने की है, जिसकी आरंभिक राशि 750 करोड़ रुपये है, जिसमें नाबार्ड और कृषि मंत्रालय से 250-250 करोड़ रुपये और अन्य संस्थाओं से 250 करोड़ रुपये शामिल हैं।

मुंबई में आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव श्री अजीत कुमार साहू, नाबार्ड के अध्यक्ष श्री शाजी के.वी., नाबार्ड के डीएमडी श्री गोवर्धन सिंह रावत और नाबार्ड के डीएमडी डॉ. अजय कुमार सूद की उपस्थिति रही। इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में नवोन्मेषी, प्रौद्योगिकी-संचालित, उच्च जोखिम और उच्च प्रभाव वाली गतिविधियों में निवेश को बढ़ावा देना है। नाबार्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी नैबवेंचर्स द्वारा प्रबंधित इस फंड का उद्देश्य लगभग 85 कृषि स्टार्ट-अप को अपने कार्यकाल के अंत तक 25 करोड़ रुपये तक के निवेश आकार के साथ सहायता प्रदान करना है। यह फंड सेक्टर-विशिष्ट, सेक्टर-अज्ञेय और ऋण वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में निवेश के माध्यम से सहायता प्रदान करेगा, साथ ही स्टार्ट-अप को प्रत्यक्ष इक्विटी सहायता भी प्रदान करेगा।

एग्री-श्योर के फोकस क्षेत्रों में कृषि में नवीन, प्रौद्योगिकी-संचालित पहलों को बढ़ावा देना, कृषि उपज मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना, नए ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र लिंकेज और बुनियादी ढांचे का निर्माण करना, रोजगार पैदा करना और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का समर्थन करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, इस फंड का उद्देश्य किसानों के लिए आईटी-आधारित समाधानों और मशीनरी किराये की सेवाओं के माध्यम से उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है, जिससे कृषि क्षेत्र में सतत विकास और विकास को बढ़ावा मिले। ऋण अंतर को पाटने और मौजूदा ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए नवाचार लाने की आवश्यकता के बारे में बोलते हुए, कृषि और किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव श्री एके साहू ने कहा, इस पहल का व्यापक उद्देश्य कृषि और ग्रामीण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है।

## अब अटक-अटक कर नहीं, सांय-सांय जाएगी मितानिन बहनों के बैंक खाते में राशि : सीएम विष्णुदेव साय

**मुख्यमंत्री ने रिमोट बटन दबाकर मितानिनों के खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार 20 रुपए का किया अंतरण**

**छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार है मितानिन बहनों का समर्पण और योगदान : सीएम**

**मितानिन बहनों के बिना अंतिम छोर तक काम कर पाना मुश्किल : स्वास्थ्य मंत्री**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना पर काम करना शुरू कर दिया है और इसकी शुरूआत स्वस्थ छत्तीसगढ़ की बात के साथ की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में राज्य भर से आई हुई हजारों मितानिन बहनों के सामने कहा कि उनकी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और वो राज्य मे सुशासन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस सफर में राज्य भर में काम कर रही लगभग 72 हजार मितानिन बहनों का भी अमूल्य योगदान है जिनके दम पर राज्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व सुधार हासिल करने मे कामयाब हुआ है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने मितानिन बहनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह उनके प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। इस अंतरण से राज्य भर की मितानिन बहनों के खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार 20 रुपए का अंतरण हुआ। इस राशि में केंद्र एवं राज्य के अंश के साथ ही मितानिन प्रोत्साहन राशि भी शामिल है। ये राशि 69 हजार 607 मितानिन बहनें, 3,448 मितानिन प्रशिक्षक, 289 ब्लॉक समन्वयक, 176 स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, 26 शहरी क्षेत्र समन्यवक एवं 285 मितानिन हेल्प डेस्क समन्वयक को राज्य स्तर से एक साथ भुगतान की गई।

मुख्यमंत्री ने मितानिन बहनो को संबोधित करते हुए कहा कि पहले उन्हें कई चरणों में अटक अटक कर राशि मिलती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और हर महीने सांय सांय उनके खाते में पैसे आएंगे। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार हैं जो सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी इमानदारी से काम करती हैं। स्वास्थ्य मंत्री कहा कि मितानिन राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं जिन्होंने ग्रामीण अंचलों के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य की बागडोर संभाल रखी है।

## केंद्र सरकार ने '25 जून' संविधान हत्या दिवस किया घोषित

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ये जानकारी दी है। सरकार ने इसका गजट नोटिफिकेशन भी जारी किया। जानकारी देते हुए शाह ने लिखा- 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण कराएगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य उन लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान करना है, जिन्होंने तानाशाही सरकार की असंख्य यातनाओं व उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया।

'संविधान हत्या दिवस' हर भारतीय के अंदर लोकतंत्र की रक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अमर ज्योति को जीवित रखने का काम करेगा, ताकि कांग्रेस जैसी कोई भी तानाशाही मानसिकता भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न कर पाए।





## केंद्रीय इस्पात मंत्री और इस्पात राज्य मंत्री ने एनएमडीसी का दौरा किया



**हैदराबाद ( विश्व परिवार )।** माननीय केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री श्री एच. डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को इस्पात और भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा के साथ एनएमडीसी के हैदराबाद स्थित मुख्य कार्यालय का दौरा किया।

माननीय मंत्रियों ने एनएमडीसी और एनएसएल के प्रदर्शन, भविष्य के रोडमैप, सामाजिक पहलों और चुनौतियों की समीक्षा करने के लिए श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार); कार्यकारी निदेशकों और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

समीक्षा बैठक में प्रारम्भ होने वाली ऐसी परियोजनाओं पर चर्चा शामिल थी जो भविष्य के लिए उत्कृष्टता, नवाचार और स्थिरता का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। माननीय केंद्रीय इस्पात मंत्री ने एनएमडीसी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कंपनी की महारत्न बनने की यात्रा में अपना विश्वास व्यक्त किया। श्री एच. डी. कुमारस्वामी ने माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को पूर्ण करने के लिए एनएमडीसी के अधिकारियों को 2030 तक 100 मिलियन टन के अपने लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

माननीय इस्पात राज्य मंत्री श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एनएमडीसी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस्पात मंत्रालय उत्पादन और लाभ बढ़ाने के लिए इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के प्रयासों को बढ़ावा दे रहा है। एक मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र की परिकल्पना करते हुए उन्होंने कहा कि एनएमडीसी इस क्षेत्र के प्रमुख संगठनों की मांगों को पूरा करते हुए लौह और इस्पात उद्योग की छोटी इकाइयों के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि हम केंद्रीय इस्पात मंत्री और इस्पात राज्य मंत्री के आगमन से सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। एनएमडीसी सामाजिक विकास पर सकारात्मक बल देने के साथ वैश्विक पर्यावरण के अनुकूल खनन कंपनी के रूप में उभरने के लिए दृढ प्रतिज्ञ है। हम एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां भारतीय खनन प्रगति, नवाचार और जिम्मेदारी का पर्याय बनेगा।

## सीएम हेमंत सोरेन ने 1,500 शिक्षकों को दिए नियुक्ति पत्र

**रांची ( आरएनएस )।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में 1,500 नवनियुक्त पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने अब तक 20,000 से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरियों में नियुक्ति का पत्र सौंपा है। संगठित और असंगठित क्षेत्रों को मिला दें तो 60,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। रोजगार, स्वरोजगार और नौकरी देने के लिए हम हरसंभव कदम उठा रहे हैं।

सोरेन ने भाजपा और सहयोगी दलों का नाम लिए बगैर कहा कि राज्य में इन्हीं लोगों ने सबसे अधिक समय तक राज किया। लेकिन, विकास और रोजगार के लिए उन्होंने कितना काम किया, इस पर हम डिबेट करने को तैयार हैं। हम अपने 5 साल का हिसाब देने के लिए तैयार हैं।

## कालड़ा हॉस्पीटल में 15 जुलाई को प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर निशुल्क परामर्श (ओपीडी)



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पचपेढ़ी नाका, कलर्स माले के आगे पिस्थत कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर (एनएबीएच, छ.ग. शासन व छत्तीसगढ़ विधुत मंडल से मान्यता प्राप्त) में दिनांक 15 जुलाई को प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निशुल्क परामर्श (ओपीडी) व ईलाज में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। साथ ही 10 जरूरतमंद बच्चों की निशुल्क सर्जरी की जायेगी।

जानकारी देते हुए सुप्रसिध्द प्लास्टिक सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा ने बताया कि विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस शिविर का लाभ संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लोग ले सकते है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को प्लास्टिक सर्जरी के महत्व और लाभों के बारे में जनता को शिक्षित करना, उनके मनों में बस रहे मिथकों और गलता धारणाओं को दूर करना और इस क्षेत्र में नवीनतम खोज और तकनीकों को बढ़ावा देना है। इस दौरान कालड़ा हॉस्पीटल विशेषज्ञों के व्याख्यानों और सेमीनारों की एक श्रंखला आयोजित करेगा, जिनमें कैंसर पुनर्निर्माण सर्जरी, कॉस्मेटिक सर्जरी, लेज़र सर्जरी, नॉन-इनवेसिव, जलने के बाद की सर्जरी, जन्मजात विकृति प्रक्रियाओं सहित प्लास्टिक सर्जरी के पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। इन कार्यक्रमों में लोगों को प्रश्न पूछने, अपने अनुभव साक्षा करने तथा विशेषज्ञों से सीखने का अवसर मिलेगा।

# प्रभु जगन्नाथ जी को भोग लगाकर क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने माता कर्मा प्रसादी विरतण प्रारंभ किया

### भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा हमारे समाज की एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है

**भाटापारा(विश्व परिवार)।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ जी के भव्य रथयात्रा के दिन नगर साहू समाज भाटापारा द्वारा रथ के पीछे माता कर्मा प्रसादी (खिचड़ी) प्रभु जगन्नाथ जी को भोग गलाने के पश्चात क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव के द्वारा प्रसादी वितरण का कार्य प्रारंभ किया गया व अपने उद्बोधन में कहा भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा हमारे समाज की एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है। यह रथ यात्रा हमें न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है, बल्कि हमारे सामूहिक विश्वास और एकता को भी प्रकट करती है। भगवान जगन्नाथ की कृपा से हम सभी को इस पवित्र रथ यात्रा



के माध्यम से प्रेम सद्भावना और एकता का संदेश मिल सके मैं सभी श्रद्धालुओं को इस शुभ अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं। भगवान जगन्नाथ महाप्रभू के रथयात्रा के पीछे सभी भक्तजनों को नगर साहू समाज भाटापारा के पदाधिकारियों द्वारा माता कर्मा प्रसादी (खिचड़ी) वितरित करते हुए प्रभु जगन्नाथ जी के रथयात्रा के सहभागी बनें जिसमें मुख्यरूप से नगर साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनाराम साहू, श्रीमती कल्याणी साहू, सचिव मनीराम साहू, सह सचिव जीत नारायण साव, कोषाध्यक्ष तिलक साहू, सलाहकार अजय साहू (अमृतांशु), तोरण साहू, लुकु साहू, उपाध्यक्ष रामचंद साहू, नंदू साहू, भागवत साहू, साहू छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, रवि साहू, निकेश साव, हरि किशन साहू, डॉ लोकचांद साव, हेमंत साहू, प्रवीण साहू, समाज सेवक पिलाराम साहू, फलेश साहू, लेवेश साहू,क्रांतिलाल साहू,सुरेश साहू, राधेश्याम साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती कमला साहू, डॉ. वीणा साहू, नीरा देवी साहू, सती साहू, प्रमिला साहू, कामना साहू, लाला साहू, तरुण साहू, उमेश साहू के साथ ही चारों परिक्षेत्र व तहसील से आए हुए प्रमुख रूप से घनाराम साहू, कमलेश साहू, सहदेव साहू, कुलेश्वर साहू, तिहारू साहू व अन्य सामाजिक पदाधिकारीगण की उपस्थिति से कार्यक्रम सफल हो पाया। इसके लिए नगर अध्यक्ष राजेश साहू ने सभी स्वजातीय पदाधिकारियों व कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी प्रयासरत कार्यकर्ताओ का आभार जताया जो प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर इस कार्यक्रम से जुड़ कर इसे सफल बनाया।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आम जनता शत प्रतिशत उठाए योजनाओं का लाभ

**जांजगीर चांपा(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की आवश्यकता एवं समस्याओं के समाधान तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत कोटगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री गुलाब सिंह चंदेल, जिला पंचायत सदस्य श्री दिलेश्वर साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप सोनी, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे, श्री सुमित प्रताप सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अतिथियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और हितग्राहियों को मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा पौधरोपण भी किया साथ ही गोदभराई कार्यक्रम में गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। कृषि विभाग द्वारा कृषकों को किट, उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधा व बीज का वितरण किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 177 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने शिविर में आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां जनसामान्य की समस्याओं के समाधान तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता लाने एवं उन्हें लाभान्वित करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देने तथा योजनाओं से लाभान्वित करने स्टॉल भी लगाए गए हैं। जनसामान्य ऐसे स्थान जहां जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं, वहां जागरूकता के साथ समय निकालकर जरूर पहुंचे। शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को लाभान्वित करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं एवं ग्रामीण शिविर का लाभ लेने पहुंचे हैं। श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ जरूर उठाए।

## एक एच आर सी सी बी द्वारा एक पौधा माँ के नाम पर वृक्षारोपण का किया जाएगा आयोजन

**जांजगीर चाम्पा(विश्व परिवार)।** प्रति वर्ष पर्यावरण का ध्यान रखते राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरों द्वारा हज़ारों पौधे पूरे देखभाल के साथ लगाए जाते रहे है और उनका उद्देश्य पौधे लगाना नहीं पौधे लगाकर उनकी पूरी देखभाल करना भी होता है । इसी श्रृंखला अनुसार पूरे भारत मे चल रहे अभियान एक पौधा माँ के नाम पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ टीम द्वारा पूरे राज्य की ज़िला स्तरहीन एवं ब्लॉक स्तर पर यह अभियान चलाया जाएगा और इस अवसर पर जिला जांजगीर चाम्पा में वृक्षारोपण का भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा । छत्तीसगढ प्रदेश अध्यक्ष डॉ जतिंदरपाल सिंह ने द्वारा जानकारी दी गई कि हम वृक्षारोपण के कार्यक्रम से पर्यावरण को बढावा देने की पहल तो करते है साथ हमारे ब्यूरों के कार्यो और मानव के अधिकारों की जागरुकता का भी कार्य हो जाता है और हमारा उद्देश्य पूरे देखभाल के साथ पौधे लगाना होता है हमारे टीम के प्रदेश संरक्षक श्री दिलीप साहू जो समय समय पर खुद ही हज़ारों पौधे लगा देते है इस बार वृक्षारोपण का कार्यक्रम टीम के साथ किया जाएगा और चम्पा रहे अभियान एक पौधा माँ के नाम पर हम हर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित कर पूरी किया जाएगा ।अंत मे उन्होने एक बात कही पौधे हम लगा देते है और पर्यावरण को बढावा देते है पर आज जरूरी है कि पौधे लगाने से ज्यादा पेड़ काटने पर पाबन्दी लगे इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए ।

## जनसंख्या वृद्धि के कारण होने वाले समस्याओं तथा उनके रोकथाम के बारे में दी गई जानकारी

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत आज 11 जुलाई ''विश्व जनसंख्या दिवस'' के अवसर पर माननीय न्यायाधीशों द्वारा विभन्न स्कूलों तथा गांवों में जाकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस तारतम्य में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के छात्र छात्राओं को जनसंख्या वृद्धि के कारण होने वाले समस्याओं तथा उनके रोकथाम संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा विधिक जागरूकता भीम पर अधारित विषयों पर भी चर्चा की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को महिलाओं से संबधित होने वाले अपराध तथा उनके अधिकारों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा गुड टच बेड टच, बाल श्रम कानून, माता पिता वरिष्ठ भरण-पोषण अधिनियम, लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना आदि विषयों पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। उन्होंने नालसा एव सालसा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो तथा उससे मिलने वाले विधिक सलाह एवं सहायता के विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए बताया कि पात्र व्यक्ति किसी कानूनी सहायता एवं सलाह की आवश्यकता पडने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क कर नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता प्राप्त कर सकते है।

## जिले में शीघ्र शुरू होगा जन समस्या निवारण शिविर -कलेक्टर

### नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय- सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में जन समस्या निवारण शिविर जल्द शुरू करने के लिए ग्राम एवं तिथि निर्धारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में समय -सीमा के प्रकरणों सहित विभागीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यो के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री सोनी ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में 13 जुलाई 2024 को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।लोक अदालत के लिए राजस्व न्यायालयो में खंडपीठ का गठन कर दिया गया है। उन्होंने लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकारणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में साफ- सफाई एवं गुणवात्तपूर्ण निर्माण कार्यो पर जोर देते हुए सभी सीएमओ को प्रतिदिन प्रात: नगर में साफ सफाई का जायजा लेने तथा कड़ी निगारनी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई, ठोस अपशिष्ट पदार्थो के निपटान की व्यवस्था तथा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु तैयारी के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना अंतर्गत शाला भवनों के मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता जाँच अंतरविभागीय समिति से कराएं। जर्ज़र स्कूल भवनों का चिन्हांकन कर सम्बंधित ग्राम पंचायतों से प्रमाण पत्र लें एवं रिपोर्ट राज्य कार्यालय को प्रेषित करें। उन्होंने किसी भी जर्ज़र शाला भवन में बच्चों को नहीं बैठाने की सख्त हिदायत जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण की समीक्षा करते हुए जिन हितग्राहियों को तीसरी किशत की राशि का भुगतान कर दिया गया है उनके आवास को आगामी अगस्त माह के पहले सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचयतों में सबसे अधिक आवास निर्माण लंबित है वहां प्राथमिकता के आधार पर पहले पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# बालको ने इंटरनेशनल प्राईड मंथ पर समुदाय में चलाया जागरूक अभियान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने इंटरनेशनल प्राईड मंथ के दौरान जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने संयंत्र और समुदाय में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। पूरे माह चले इस जागरूकता अभियान में 250 से अधिक कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदारों और समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। सभी लोग एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय के लिए समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए एकजुट हुए। मासिक पहल में समुदाय को जागरूक करने वाली कार्यशाला शामिल थीं जिसमें समुदाय के नेतृत्वकर्ता, आमजन और सीएसआर हितधारक को लैंगिक के प्रति संवेदनशील और समावेशी समाज बनाने की दिशा में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के




लिए आमंत्रित किया गया। छत्तीसगढ़ में ऐसी एक अनोखी कार्यशाला का नेतृत्व छत्तीसगढ़ की ट्रांसजेंडर पुलिस कांस्टेबल एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री सबुरी शंकर और उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री आरोही महानंदा ने किया। कार्यशाला में 'ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019' पर विस्तृत चर्चा कर लोगों को जागरूक किया गया। इसकी मदद से ट्रांसजेंडर के कानूनी अधिकारों और सुरक्षा के बारे में समुदाय को शिक्षित करके एक आधारभूत समझ स्थापित की जो समावेशी समाज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी ने समावेशी संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण कदम उठायें हैं। कंपनी ने धातु उत्पादन केवल पुरुष-प्रधान क्षेत्र है इस धारणा को चुनौती देते छत्तीसगढ़ राज्य में पहली मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी है जिसने अपने प्रचालन में ट्रांसजेंडर को शामिल किया। उन्होंने कहा, आज हम छत्तीसगढ़ समुदाय के भीतर एलजीबीटीक्यू प्लस संवेदीकरण कार्यशालाओं के आयोजन में भी अग्रणी बन गए हैं। कंपनी अपनी प्रचालन क्षमता को 1 मिलियन मैट्रिक टन उत्पादन की तरफ लेकर जा रहा है जहां पर सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। एलजीबीटीक्यू प्लस भर्ती अभियान चलाकर अपने समावेशी संस्कृति को और व्यापक बना रहे हैं। समुदाय के साथ संवादात्मक कार्यशाला के बारे में बात करते हुए छत्तीसगढ़ की ट्रांसजेंडर पुलिस कांस्टेबल और सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री सबुरी शंकर ने कहा कि बालको में जागरूकता सत्र एक दिन का प्रयास नहीं बल्कि कंपनी ने दो साल पहले अपने कार्यबल में ट्रांसजेंडर को नियुक्त करने की यात्रा शुरू की थी। कंपनी की यात्रा अब समुदाय की जागरूकता तक पहुंच गई है। सत्र में समुदाय ने शालीनता से मेरी बात सुनी और मेरे साथ बातचीत की। मैं समुदायिक स्तर पर इस तरह के सत्र की शुरुआत करने, समावेशिता फैलाने और समाज के हर कोने में हमें सशक्त बनाने के लिए बालको की आभारी हूं। कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के साथ कंपनी ने प्राइड मार्च का आयोजन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### छाल रेंज से पहुंचे 24 हाथियों ने मचाया भारी उत्पात

**कोरबा(विश्व परिवार)।** रायगढ़ जिले के छाल रेंज से पहुंचे 24 हाथियों के दल ने करतला रेंज के ग्राम तराईमार में जमकर उत्पात मचाया और चार ग्रामीणों के खेत व बाड़ी में लगे आम, केला व गन्ना के पौधों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही वहां लगे पंप व पाइप को भी तहस-नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात लगभग एक घंटे तक चला। ग्राम तराईमार में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल आगे बढक़र कुदमुरा जंगल पहुंच गया है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में हाथियों का दल तडक़े एकाएक ग्राम तराईमार पहुंचा और उत्पात मचाने लगा। हाथियों के अचानक पहुंचने व उत्पात मचाने से ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग का अमला इससे पहले गांव पहुंचता कि उत्पाती हाथियों का दल आगे बढ़ा और कुदमुरा रेंज का जंगल पहुंच गया। वन विभाग द्वारा संबंधित अमले को सूचना दिए जाने पर कुदमुरा रेंज से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। इससे पहले 13 हाथियों का दल यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक पी-1140 में विचरण कर रहा है। 24 की संख्या में और हाथियों के पहुंचने से अब यहां संख्या बढक़र 37 हो गई है।

### एसईसीएल कर्मी की सड़क हादसे में हुई मृत्यु

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में दीपका हाउस के सामने हुई सड़क दुर्घटना में एसईसीएल कर्मी की मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रगति नगर कॉलोनी निवासी एसईसीएल कर्मी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। दीपका विस्तार परियोजना पदस्थ ड्रिल ऑपरेटर अनिल मिश्रा दीपका हाउस के सामने अष्टभुजी मंदिर के पास हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा हैं की अनिल मिश्रा नामक व्यक्ति अपने मोटरसाइकिल से ड्यूटी से घर वापस लौट रहे थे। तभी उनका अचानक सड़क दुर्घटना हो गयी। जिसमें उनके सिर में गहरी चोट लगी। लोगो ने डायल 112 के माध्यम से उनको एचसीएच अस्पताल गेवरा भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों में शोक का माहौल व्याप्त है। सुरक्षा के लिए पुलिस के द्वारा समय पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है। लोग इसका ठीक ढंग से पालन नहीं करतें हैं। ड्यूटी से लौट रहे एसईसीएल कर्मी अनिल मिश्रा अगर हेलमेट लगाते तो शायद उनकी जान बच सकती थी।

### कलेक्टर अजीत वसंत ने पदक प्राप्त खिलाडिय़ों को किया सम्मानित

**कोरबा(विश्व परिवार) ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में कोरबा जिले के पदक प्राप्त खिलाडिय़ों को प्रोत्साहन राशि 10-10 हजार रूपए का बैंक ड्राफ्ट प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा उपस्थित थे। पदक प्राप्त खिलाड़ी समीर कुमार कंवर पिता श्री गुरूवार सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी कोरबा को कराटे 50 किलोग्राम वर्ग, सुरभि लाठिया पिता श्री शांति लाल लाठिया संस्कार भारती हाईस्कूल डिंगापुर को नेटबॉल 14 वर्ष, रूचि विश्वकर्मा पिता श्री कृष्णा विश्वकर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर को नेटबॉल 17 वर्ष में, पार्थ श्रीवास्तव पिता श्री राजेश श्रीवास्तव न्यू ऐरा प्रोगेसिव स्कूल रामपुर को तैराकी 200 मीटर तथा 400 मीटर को प्रोत्साहन राशि का बैंक ड्राफ्ट प्रदान किया गया।

### भालुओं ने बुजुर्ग को नोंचा, मौत

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही(विश्व परिवार)।** बीती रात भालुओं के हमले से बुजुर्ग की मौत हो गई है। पूरा मामला हाथियों और भालुओं के क्षेत्र के नाम से मशहूर वन्नांचल क्षेत्र मरवाही का है, जहाँ बाबूलाल गोंड पिता सहदेव सिंह , जो लटकोनी गांव के रहने वाले हैं, वे अपने रिश्तेदार के यहां ग्राम लिटियासराई आए हुए थे , बीती रात करीब पौने ग्यारह बजे खाना खा कर लघु शंका के लिए घर से बाहर गली की तरफ निकले , तभी घर के पास जामुन का फल खाने आए दो भालुओं ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी सूचना रिश्तेदारो ने आपातकालीन सेवा डायल 108 को दी, सूचना पाकर आपातकालीन सेवा में तैनात एम्बुलेंस स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल मरीज बाबूलाल को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में भर्ती कराया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# संपादकीय

## सतर्कता बेहद जरूरी तभी देश आगे बढ़ेगा

देश के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछालों के बीच सावधानी बरतने की सलाह दी। अधिक न्यायाधिकरण पीठों की वकालत करते हुए स्थिर नींव सुनिश्चत करने की बात भी उन्होंने बात कही। सीजेआई मुंबई में नये प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण यानी सैट परिसर का उद्घाटन भाषण कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने का अग्रह भी किया क्योंकि अब अधिक मात्रा में लेन-देन और नये नियमों के कारण कार्यभार बढ गया है। उनके अनुसार, शेयर बाजार में जितनी तेजी देखी जाएगी, सेबी और सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी। सेबी और सैट जैसे संस्थानों को बढ़ावा देने के पीछे उन्होंने अत्यधिक राष्ट्रीय महत्त्व बताया। प्रधान न्यायाधीश जिस वक्त यह सुझाव दे रहे थे, ऐन उसी समय बाजार में जबरदस्त तेजी देखी जा रही थी और बीएसई सेंसेक्स नये शिखर यानी अस्सी हजार को पार कर रहा था। यह अपने आपमें रिकार्ड शिखर है। शेयर बाजार और निवेश को लेकर युवाओं में गजब का उत्साह देखने में आ रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई के अनुसार इस वर्ष जनवरी तक निवेशकों की संख्या 87 मिलियन तक पहुंच चुकी थी। महामारी के बाद से इन नये निवेशकों के बढ़ते रुझान को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि उन्हें भ्रम है कि इससे हर स्थिति में मुनाफा होता रहेगा। भारतीय कंपनियों का मुनाफा अच्छा होने के बावजूद यह कभी भी लुढ़क सकता है। कई बार अचानक किसी आर्थिक गड़बड़ी के चलते घरेलू बाजार अप्रत्याशित रूप से धड़ाम भी हो जाता है। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं और वित्तीय बाजारों का भी इस पर सीधा असर होता है। शेयर बाजार में होने वाले घोटाले और हेराफेरी पर कड़ी नजर रखी जाने के बावजूद आनन-फानन भारी मुनाफा कमाने के लोभ से मुकरा नहीं जा सकता। ऐसे में सेबी और सैट की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। खासकर छोटे निवेशकों के भरोसे को ये अप्रत्यक्ष तौर पर बढ़ाने का काम करती हैं।

## विशेष लेख

## जनता के मूड में अचानक बदलाव सारा विश्व चकित

श्रुति व्यास

केवल एक हफ्ते में फ्रांस में जनमत का पेंडुलम अति दक्षिणपंथ से वामपंथ की ओर खिसक गया है। यह बदलाव चौंकाने वाला और अनापेक्षित है। संसदीय चुनाव का अंतिम दौर रविवार को खत्म हुआ और ऐसा लगता है कि जोनिक मिनोशों के वर्चस्व वाला वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट यानी एनएफपी संसद में सबसे बड़ा गठबंधन बनने की ओर बढ़ रहा है। फ्रांस, यूरोप और सारा विश्व, जनता के मूड में आए इस अचानक बदलाव से चकित है। पिछले हफ्ते तक यह तय माना जा रहा था कि मरिन ले पेन सत्ता हासिल कर लेंगीं। जनमत संग्रहों से ऐसा अनुमान लगाया जा रहा था कि उनकी अति दक्षिणपंथी नेशनल रैली और उसके सहयोगी दलों को सबसे ज्यादा वोट मिलेंगे। लेकिन अब यह साफ है कि वे संसद में तीसरा सबसे बड़ा गठबंधन ही बन पाएंगी। किस्मत उन पर मेहरबान नहीं है। मतदान समाप्त होने के कुछ ही समय बाद इप्सोस ने बताया कि उसका अनुमान है कि 577 सदस्यों की नेशनल असेम्बली में एनएफपी को 171-187 सीटें मिलेंगीं। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जिन्होंने पिछले महीने देश में मध्यावधि चुनाव की घोषणा करके खलबली मचा दी थी, के मध्यमार्गी गठबंधन के 150 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रहने का अनुमान लगाया गया है।लेकिन एनएफपी फिर भी बहुमत के लिए जरूरी 289 सीटों से बहुत पीछे रह जाएगा। पिछले हफ्ते ल पेन की नेशनल रैली के अच्छी-खासी बढ़त हासिल कर लेने के बाद, मध्यमार्गियों एवं वामपंथियों ने हाथ मिला लिया और मतदान के दूसरे दौर में नेशनल रैली का मुकाबला करने के लिए 'रिपब्लिकन फ्रंट' बना लिया। पूरे देश में त्रिकोणीय मुकाबले वाली सीटों पर उम्मीदवार मैदान से हट गए और उन्होंने ल पेन के दल के विरूद्ध अन्य सभी दलों को मिलकर लड़ने का आह्वान किया। यह रणनीति सफल रही। ल पेन के सत्ता में आने पर जो उथल पुथल होती, वह तो टल गई है लेकिन देश में राजनीतिक अनिश्चितता के हालात बन गए हैं। मतदान की रात वामपंथी नेता जोनिक मिनोशों, जो आकर्षक व्यक्तित्व के धनी हैं मगर अपने अतिवाद के कारण वामपंथी गठबंधन के खिलाफ ध्रुवीकरण का कारण भी बन जाते हैं, ने जीत की घोषणा की। उन्होंने मैक्रों से कहा कि वे एनएफपी को सरकार बनाने का प्रयास करने के लिए आमंत्रित करें और उनके गठबंधन के किसी नेता को प्रधानमंत्री नियुक्त करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनावों के दौरान आमूलचूल बदलाव की जिन योजनाओं की घोषणा की गई थी, उन पर अमल किया जाएगा। फ्रांस का संविधान राष्ट्रपति को अधिकार देता है कि वे जिसे चाहें उसे प्रधानमंत्री नियुक्त कर सकते हैं। लेकिन व्यवहार में राष्ट्रपति हमेशा ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री नियुक्त करते हैं जो संसद को स्वीकार्य हो। कारण यह कि संसद कभी भी सरकार को इस्तीफा देने के लिए बाध्य कर सकती है। लेकिन जब किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत हासिल न हुआ हो और गठबंधन सरकार बनाई जानी हो तब चीजें कितनी मुश्किल और पेचीदा हो जाती हैं, हम भारतीय यह अच्छी तरह से जानते हैं! इसके अलावा, इतिहास गवाह है कि फ्रांस को फोर्थ रिपब्लिक के उथल पुथल भरे दौर के बाद से अलग अलग विचारधारा वाले कई दलों के गठबंधनों की सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं रहा है। चुनाव के नतीजों के पहले यह गठबंधन प्रधानमंत्री पद के लिए किसी एक नाम पर सहमति नहीं बना सका। इसलिए गठबंधन के चारों दलों- मिनोशों के अनसबमिसिव फ्रांस, सोशलिस्ट, कम्युनिस्ट और ग्रीन्स- के बीच काफी खींचतान होने की संभावना है। नई संसद में जो सोशलिस्ट सदस्य बैठेंगे, उनमें पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद भी होंगे, जो एक समय मैक्रों के बॉस थे। आने वाले दिनों में- और इस दौरान पेरिस में ओलंपिक खेल भी होने हैं- फ्रांस राजनीतिक उथल पुथल में उलझा रहेगा। लेकिन अच्छी खबर तो यह है कि एक बार फिर फ्रांसीसियों के बड़े तबके ने मरिन ल पेन और उनके अति दक्षिणपंथी 'विजन ऑफ चेंज' को खारिज कर दिया है। पार्टी की अपने आप को 'रीब्रांड' करने की तमाम कोशिशों के बाद भी यह साफ था कि उसकी सरकार फ्रांस की राष्ट्रीय पहचान कायम रखने के नाम पर देश में रह रहे आप्रवासियों और नए आप्रवासियों के फ्रांस में आने के प्रति अत्यंत कठोर रवैया अपनाएगी। फ्रांस ने ल पेन को खारिज तो किया है मगर बदलाव के पक्ष में बढ़ चढ़कर वोट दिया है। लोग अब यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में नहीं हैं। जनता ने उन कुबेरपतियों, जिनसे मैक्रों घिरे हुए हैं, को साफ संदेश दे दिया है। वैसे भी मैक्रों को 2027 में राष्ट्रपति पद छोड़ना ही होगा क्योंकि वे अधिकतम कार्यकाल की सीमा पार कर लेंगे।

# अनुपम असाधारण गणाचार्य : श्री विरागसागर जी का महाप्रयाण

सुरेश जैन (आईएएस)





विरागवाणी के यशस्वी संपादक इंजी. श्री आनन्द कुमार जैन ने 4 जुलाई 2024 को प्रात: 6 बजे गुरुदेव श्री विरागसागर जी की समाधिस्थ होने के दु:खद समाचार हमें दिए । नैनागिरि में न्यास कमेटी के मंत्री द्वय और सदस्यगण स्थानीय समाज और हमारे सभी सहायकों ने शांतिविधान कर गुरुदेव के प्रति अपनी विनयांजलि समर्पित की । इसके पूर्व उनके विपरीत स्वास्थ्य की जानकारी मिलते ही 2 और 3 जुलाई को नैनागिरि तीर्थ के बड़े पुजारी कोमलचन्द्र जैन , वरिष्ठ प्रबंधक शिखरचन्द्र जैन तथा सहायक प्रबंधक, विकास जैन आदि सभी सहायकों और उपस्थित महानुभावों ने भगवान पार्श्वनाथ के मंदिर में शांतिधारा कर उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की थी ।

वर्ष 1992 में द्रोणगिरि में आयोजित उनके आचार्य दीक्षा समारोह का साक्षी बनने का हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ । उनकी सात नैनागिरि यात्राओं में तथा विभिन्न तीर्थो पर उनके दर्शन कर न्यायमूर्ति विमला जी तथा हमने आत्मीय आशीर्वाद प्राप्त किया। उनकी मधुर वाणी की महात्रिवेणी से मन भर, जल दुग्ध रसपान का अपरिमित आनन्द लिया । नैनागिरि तीर्थ प्रबंधन समिति की प्रथम प्रार्थना पर ही सहजता और सरलता पूर्वक गुरुदेव नैनागिरि तीर्थ पर आयोजित पंचकल्याणक 2023 में पधारे और अपने पूरे संघ का सान्निध्य प्रदान किया । कठिन और कलुषित मानवीय व्यवहार की पुन: पुन: उलझती गांठे सरलता से खोलकर उन्होंने समग्र समाज के बीच गोवत्स प्रीति पूर्वक शाश्वत समन्वय स्थापित किया । पूरी शांति और सफलतापूर्वक देशना स्थल पर निर्माणाधीन तीन मूर्ति मंदिर में पीतल की तीन विशाल मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की । नवनिर्मित श्रुत मंदिर में विशाल श्रुतस्कंध विराजमान कराया । उनकी स्नेहभरी सतत मंद- मंद मुस्कान से अपार प्रेरणा प्राप्त कर तीर्थ समिति ने तन, मन और धन से रात- दिन कार्य करते हुए सफलतम पंचकल्याणक संपन्न करने का श्रेष्ठतम उदाहरण प्रस्तुत किया ।

गुरुदेव की मिसरी सी मीठी मधुरतम वाणी से अपरिमित ऊर्जा प्राप्त कर इस पंचकल्याणक में अपना अमृतकालीन जीवन व्यतीत कर रहीं श्रीमती कस्तूरीदेवी और उनके पति श्री लालचन्द्र जी भगवान के माता - पिता बने । शिशु पार्श्व को देखते हुए उनके तन-मन की प्रसन्नता जन - जन के आकर्षण का केन्द्र बन रही थी। समाज के इस वयोवृद्ध परिवार के साथ - साथ सभी पात्रों ने पूरे उत्साह और समर्पण पूर्वक अपने विविध कर्तव्यों का निर्वाह किया । सम्यकदर्शन के सभी अंगो को स्वीकार करते हुए उनके युवा पौत्र पुलकित और पौत्रवधु राखी ने सौधर्मइन्द्र और शची की प्रभावी भूमिका का सम्यक् और सफलतम ढंग से निर्वाह किया ।

इस अवसर पर विरागोदय तीर्थ पथरिया में समायोजित यतिसम्मेलन : युग प्रतिक्रमण की स्मृति को स्थाई स्वरूप देने के लिए नैनागिरि तीर्थ पर प्रशस्ति शिलालेख स्थापित किया गया । घनघोर वरदत्त वन में स्थित सिद्ध शिला पर बैठे श्री विरागसागर जी, श्री विशुद्धसागर जी, श्री आदित्यसागर जी, श्री विरंजनसागर जी प्रभृति अनेक संघस्थ साधुओं के दिगंबरत्व की असाधारण साधना के विविध आयाम खिल उठे ।

यद्यपि आषाढ़ की रिमझिम फुहारों में भी विराग के वियोग के आंसुओं को विराम देना और मन - मस्तिष्क को संतुलित करना कठिन हो रहा है तदपि थोड़ा सा आत्मिक साहस जुटाकर बुन्देखण्ड की शताधिक प्रभावशाली आध्यात्मिक शक्तियों के जनक, सिद्ध पथ के महापथिक, समग्र जैन समाज के विराट सामाजिक सेतु के महान शिल्पी तथा आज के व्यावहारिक जगत में समतापूर्वक महासमाधि के सर्वोत्कृष्ट उदाहरण के महान प्रस्तोता श्री विरागसागर जी को हम सब शत - शत प्रणाम करते है । आध्यात्मिक और सामाजिक समरसता के महासागर को पुन: पुन: नमोस्तु करते है । इस महामुनि के चरणों में चार शताब्दियों में एक बार खिलने वाले महामेरु मंगल पुष्प समर्पित करते है । अनुपम और असाधारण संयम के धारक गुरुदेव ने अपने संघस्थ श्री विशुद्धसागर प्रभृति नौ साधु रत्नों का सर्वोत्तम वैज्ञानिक पद्धति से गुणात्मक उत्थान करते हुए उनमें आचार्यो के मूलगुणों की सफलता पूर्वक संस्थापना की है और उन्हें अपने जीवन काल में ही आचार्यो के पद पर प्रतिष्ठित कर दिया है । पूरे संघ को वैज्ञानिक प्रबंधन के पटल पर सुस्थापित कर आध्यात्मिक एकता का सुदृढ़ शिलान्यास कर दिया है । हमें पूरा भरोसा है कि गुरुदेव के प्रथम श्रेष्ठतम रत्न श्री विशुद्धसागर जी के नेतृत्व में सभी आचार्य रत्न और सभी संत मिल - जुलकर सम्यकदर्शन, सम्यकज्ञान और सम्यकचारित्र की शताधिक त्रिवेणियों की शक्ति समेकित कर भगवान महावीर की प्राचीनतम आधारभूत आध्यात्मिक परंपराओं को हिमालयीन ऊँचाई प्रदान करते रहेंगे ।

यह उल्लेख करना अत्यावश्यक प्रतीत होता है कि श्री विरागसागर जी के सभी शिष्य आध्यात्मिक पदों के राग से परे है । आध्यात्मिक अहंकार से बहुत दूर हैं। अभी तक उनके संघ में किसी भी पद के लिए विसंवाद का उदाहरण समाज को देखने में नहीं आया है । हमें यह दृढ़ विश्वास है कि यह संघ आध्यात्मिक विखण्डन की दुष्प्रवृत्तियों को कभी भी प्रश्रय नहीं देगा और भौतिकता से ओतप्रोत इक्कीसवीं सदी में भी महावीर की आदर्श चर्या के सफलतम उदाहरण विश्व के समक्ष प्रस्तुत करेगा ।

ममता और वात्सल्य से ओतप्रोत राष्ट्र संत विरागसागर जी को उनके महाप्रयाण पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नई दिल्ली के सांसद श्री मनोज तिवारी प्रभृति अनेक राजनेताओं, पूरे देश के संतो और वरिष्ठतम विद्वानों ने अपनी विनयांजली प्रस्तुत की । नैनागिरि में बीसवीं शताब्दि के 87 वें वर्ष में आध्यात्मिक जन्म लेकर अभूतपूर्व शैक्षणिक क्रांति के जनक बने मुनिवर सुधासागर जी ने अपने प्रवचन में गुरुदेव को अपरिमित पुण्य के स्वामी और प्रभावशाली प्रभावक आचार्य घोषित किया है । अपने संघ को अपने संगठन कौशल से व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए उनकी सराहना की है । उन्हें संबोधित करते हुए पूरा धैर्य रखने की सलाह दी है ।

प्रभावना योग के प्रभावी प्रस्तोता मुनिवर प्रमाणसागर जी ने कहा कि विरागसागर जी के महाप्रयाण से श्रमण संस्कृति की बड़ी क्षति हुई है । उन्होंने इतने बड़े संघ को अपना सक्षम और कुशलतम नायकत्व प्रदान करते हुए श्रमण संस्कृति को असाधारण विस्तार दिया है । इन दोनों राष्ट्रीय संतों ने अपने शब्द सुमनों से आध्यात्मिक और सामाजिक समन्वय की सराहनीय सद्प्रवृत्तियों को ऊर्जा प्रदान की है । यह सुखद और प्रसन्तादायक है कि उनकी इस स्मराणांजलियों ने आध्यात्मिकता और जैन धर्म की अनेकांतात्मक - एकता के समुन्नत मापदण्ड स्थापित किए है । इससे सभी संघों के बीच पारस्परिक सौहार्द और सम्मान की वृद्धि हो रही है । महावीर का एकीकृत मंगलपथ प्रशस्त हो रहा है ।

शुद्ध - स्वस्थ मस्तिष्क तथा संपूर्ण विवेक के साथ पूर्णत: जाग्रत तथा चैतन्य स्थिति में श्री विरागसागर जी ने जैन आगम के अनुकूल अपनी समाधि साधना के अंतिम प्रवचन दिनांक 3 जुलाई 2024 में श्रमणाचार्य श्री विशुद्धसागर जी को पट्टाचार्य बनाने की स्पष्ट घोषणा कर दी । उनके संघ से वर्षो पूर्व अलग हुए आचार्य श्री वसुनंदी जी से क्षमायाचना करते हुए उनके प्रति अपना प्रति नमोस्तु निवेदित किया । यह मार्मिक प्रकरण पूरे विश्व के समक्ष उनकी हिमालयीन आध्यात्मिक ऊँचाई और समता की पूरी गहराई को प्रदर्शित करता है । पवित्रता और पावनता से ओतप्रोत श्रेष्ठतम आत्मा का यह प्रभावी, बिरला, असाधारण और अनूठा प्रवचन भारतीय सांस्कृतिक जगत के इतिहास में सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जावेगा । सर्वोत्तम समाधि का प्रकाश स्तंभ बनेगा । इस प्रवचन के कुछ ही घण्टों बाद गुरुदेव ने अपना शरीर त्याग कर भौतिकता की इस सदी में भी महासमाधि का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर दिया ।

बुन्देलखण्ड की वीर प्रसूता माटी में जन्मीं उनकी देह कुबेर प्रसूता महाराष्ट्र की माटी में मिल गई । अपने पद का त्याग करते हुए और सभी से क्षमायाचना करते हुए वे चिरनिद्रा में विलीन हो गए। हमे ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें अपनी मृत्यु का सही - सही पूर्वाभास हो गया था । 4 जुलाई की रात्रि में 8 बजे डॉ. श्रेयांस जी बड़ौत और ब्र. भैया प्रतिष्ठाचार्य जय निशांत जी के द्वारा पं. राजकुमार जैन शास्त्री के सक्षम एवं कुशल संचालकत्व में आयोजित विनयांजलि समर्पण सभा की गई । हमें और विमला जी को श्रद्धासुमन भेंट करने का अवसर देने के लिए हम उन्हें अनंत साधुवाद प्रदान करते हैं और गणाचार्य गुरुदेव, पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी और उनके संघस्थ सभी संतों के चरणों में पुन: पुन: शत - शत वंदन करते हैं ।

# आर्थिक दर्शन के अनुरूप हो इस वर्ष का बजट

प्रह्लाद सबनानी

भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं पूरे विश्व के आर्थिक पटल पर भारत का डंका बजा करता था। एक ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत के आसपास बनी रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूर्णकालिक बजट माननीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा भारतीय संसद में 23 जुलाई 2024 को पेश किया जा रहा है। वर्तमान में भारत सहित विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी नीतियों का अनुसरण करते हुए अर्थव्यवस्थाएं आगे बढ़ रही हैं। परंतु, हाल ही के वर्षों में पूंजीवादी नीतियों के अनुसरण के कारण, विशेष रूप से विकसित देशों को, आर्थिक क्षेत्र में बहुत भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह देश इन समस्याओं का हल निकाल ही नहीं पा रहे हैं। नियंत्रण से बाहर होती मुद्रा स्फीति की दर, लगातार बढ़ता कर्ज का बोझ, प्रौढ़ नागरिकों की बढ़ती जनसंख्या के चलते सरकार के खजाने पर बढ़ता आर्थिक बोझ, बजट में वित्तीय घाटे की समस्या, बेरोजगारी की समस्या, आदि कुछ ऐसी आर्थिक समस्याएं हैं जिनका हल विकसित देश बहुत अधिक प्रयास करने के बावजूद भी नहीं निकाल पा रहे हैं एवं इन देशों का सामाजिक तानाबाना भी छिनभिन्न हो गया है। पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के अंतर्गत चूंकि व्यक्तिवाद हावी रहता है अत: स्थानीय समाज में विभिन्न परिवारों के बीच आपसी रिश्ते केवल आर्थिक कारणों के चलते ही टिक पाते हैं अन्यथा शायद विभिन्न परिवार एक दूसरे से रिश्तों को आगे बढ़ाने में विश्वास ही नहीं रखते हैं। कई विकसित देशों में तो पति-पत्नि के बीच तलाक की दर 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है। अमेरिका में तो यहां तक कहा जाता है कि 60 प्रतिशत बच्चों को अपने पिता के बारे में जानकारी ही नहीं होती है एवं केवल माता को ही अपने बच्चे का लालन-पालन करना होता है, जिसके कारण बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है एवं यह बच्चे अपने जीवन में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं, समाज में हिंसा की दर बढ़ रही है तथा वहां की जेलों में कैदियों की संख्या में तीव्र वृद्धि देखी जा रही है। इन देशों के नागरिक अब भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं एवं उन्हें उम्मीद है कि उनकी आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का हल भारतीय सनातन संस्कृति में से ही निकलेगा। अत: इन देशों के नागरिक अब भारतीय सनातन संस्कृति की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं। भारत में वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात कुछ हद्द तक वामपंथी नीतियों का अनुसरण करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को विकास की राह पर ले जाने का प्रयास किया गया था। परंतु, वामपंथी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों ने बहुत फलदायी परिणाम नहीं दिए अत: बहुत लम्बे समय तक यह नीतियां आगे नहीं बढ़ सकीं। हालांकि बाद के खंडकाल में तो वैश्विक स्तर पर वामपंथी विचारधारा ही धराशायी हो गई एवं सोवियत रूस कई टुकड़ों में बंट गया। आज तो रूस एवं चीन सहित कई अन्य देश जो पूर्व में वामपंथी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों को अपना रहे थे, ने भी पूंजीवादी विचारधारा पर आधारित आर्थिक नीतियों को अपना लिया है। भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं पूरे विश्व के आर्थिक पटल पर भारत का डंका बजा करता था। एक ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत के आसपास बनी रही है। उस समय पर भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित आर्थिक नीतियों का अनुपालन किया जाता था।

# ब्रिटेन की नई हुकूमत के समक्ष चुनौतियों की भरमार

डॉ. रमेश ठाकुर



वहां राजनीति इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन-तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख 'कीर स्टार्मर' फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेनी नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे। भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय 'नॉर्थलेरटन' सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे। ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग-समर्थक भी उनसे झिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कईयों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फला समुदाय या मतदाता उनका है? बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफनीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला। बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें? हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता 'कीर स्टार्मर ब्रिटेन' के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए। निसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चर्मराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा श्रोत्रों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाया आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 57वां दीक्षा दिवस



**जतारा ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य नगर गौरव श्रमणाचार्य 108 श्री विमर्श सागर जी महाराज की सुप्रसिद्ध जन्म नगरी श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा में बीते दिवस, आस्था के केंद्र, विश्व वंदनीय, युग श्रेष्ठ, संत शिरोमणि परम पूज्य आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज का 57 वां दीक्षा दिवस पूर्ण भक्ति भाव से मनाया गया।

भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि आषाढ़ सुदी पंचमी सन 1968 को गुरु नाम गुरु आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज ने ब्रह्मचारी विद्याधर पर उपकार करते हुए मुनि दीक्षा देकर नाम दिया मुनि विद्यासागर। मुनि विद्यासागर ने 56 वर्षों तक संपूर्ण विश्व में जैन धर्म की पताका फहराते हुए संपूर्ण मानव जाति पर अनंत उपकार किये। पूज्य गुरुवर द्वारा धर्म के साथ-साथ शिक्षा जगत एवं देश हित में दिया योगदान चिरकाल तक अविस्मरणीय रहेगा। पूज्य आचार्य गुरुवर के 57 वें दीक्षा दिवस पर श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा में प्रातः काल अभिषेक शांति धारा उपरांत श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री की महा मांगलिक पूजन संपन्न की, एवं संध्याकालीन वेला में 57 दीपकों से आचार्य श्री की महाआरती पूर्ण भक्ति भाव से संपन्न की गई एवं इस विशेष अवसर पर निर्माणाधीन श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा के, क्षेत्र परिचारिका नामक फोल्डर का विमोचन नगर की बाल ब्रह्मचारिणी प्रज्ञा दीदी, जैन समाज अध्यक्ष महेंद्र जैन टानगा, उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन, महामंत्री राजेंद्र जैन राज, संजीव सगरवारा, अमित भंडारी, श्रीमती अभिलाषा जैन, शिल्पी जैन, आदि के द्वारा किया गया।

### जैन धर्म का शाश्वत पर्व अष्टानिका महापर्व रविवार से-आठ दिनों तक दिगम्बर जैन मंदिरों में होगें विशेष धार्मिक आयोजन

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** जैन धर्म का आठ दिवसीय शाश्वत पर्व अष्टानिका महापर्व रविवार, 14 जुलाई से शुरू होगा। इस दौरान दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना सहित धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार अष्टानिका महापर्व के मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में श्री सिद्ध चक्र महामण्ड़ल विधान पूजा एवं विश्व शांति महायज्ञ, श्री नन्दीश्वर महामण्ड़ल विधान पूजा सहित सायकांल सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेंगे। आठ दिनों तक धर्म की गंगा बहेगी। रविवार, 14 जुलाई को ध्वजारोहण से अष्टानिका महापर्व का शुभारंभ होगा। रविवार, 21 जुलाई को विश्व शांति महायज्ञ के साथ समापन होगा। श्री जैन के मुताबिक गोपालजी का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर कालाडेरा (महावीर स्वामी), टोडरमल स्मारक, अग्रवाल फार्म स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर थड़ी मार्केट, तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, शांतिनाथ जी की खोह सहित कई मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होगें। **-विनोद जैन कोटखावदा**

### दुर्ग नगर की बेटी दर्शन प्रभा जी का दीक्षा के पश्चात पहली बार होगा चातुर्मास, 14 जुलाई को नवकार भवन चातुर्मास के लिए प्रवेश करेंगी

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं श्री रतनात्रयी वर्षावास समिति दुर्ग के बैनर तले नवकार भवन ऋषभ नगर दुर्ग में मूर्ति पूजक संघ का चातुर्मास होने जा रहा है। इसी परिपेक्ष में 14 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर गांधी चौक दुर्ग से प्रवेश यात्रा प्रारंभ होगी श्री मनोहर श्री जी के दिव्य आशीर्वाद तथा सुभद्रा श्री जी एवं कीर्ति प्रभात श्री जी के आशीर्वाद से दुर्ग नगर की बेटी श्री दर्शन प्रभा जी का अपने साध्वी समुदाय ज्ञान प्रभा श्रीजी चरित्र प्रभा श्री जी के साथ दीक्षा के पश्चात प्रथम बार यह चातुर्मास होने जा रहा है। प्रवेश के पश्चात दैनिक कार्यक्रमों में स्वाध्याय प्रवचन एवं प्रतिक्रमण की साधना प्रतिदिन गतिमान रहेगी रत्नत्रयी वर्षावास समिति के संयोजक अमित लोढ़ा एवं महामंत्री कांतिलाल बोथरा ने जैन समाज के सभी वर्ग के लोगों से उपस्थिति का आग्रह करते हुए प्रवेश यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया है। रत्नत्रयी वर्षावास समिति के संदीप निमानी महावीर कोठारी महावीर लोढ़ा संजय लोढ़ा सहित आदिनाथ मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्य इस चातुर्मास को भव्य बनाने में लगे हुए हैं। **-नवीन संचेती**




## आर्यिका पूर्णमति माता जी के चातुर्मास हेतु मुरार आगमन पर निकाली भव्य नगर प्रवेश शोभायात्रा



**ग्वालियर ( विश्व परिवार )।** पूज्य आर्यिका पूर्णमति माताजी का चातुर्मास हेतु मुरार में भव्य नगर प्रवेश हुआ। शुक्रवार को प्रातः 5:30 बजे थाटीपुर स्थित गुलाबचंद की बगीची से माताजी की मंगल प्रवेश शोभायात्रा गाजे-बाजों के साथ निकाली गई, जो मुरार के विभिन्न मार्गों से होती हुई जैन मंदिर पहुंची। यहां माताजी ने भगवान के दर्शन किए। तत्पश्चात शोभायात्रा मुख्य बाजार होती हुई चेक सेंटर स्थित जैन धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा की सबसे आगे घोड़े चल रहे थे। बैंड एवं ढोल की धुन पर जैन भजनों के साथ विभिन्न संगठनों की महिलाएं एवं पुरुष अपनी-अपनी टीम के साथ नृत्य करते हुए चल रहे थे।

**जगह-जगह लोगों ने पलक पावड़े बिछाते हुए उतारी आरती :** शोभायात्रा में माताजी की आगवानी के लिए जगह-जगह लोगों ने पलक पावड़े बिछाए। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी ललित जैन ने बताया कि शोभायात्रा में सड़क के दोनों ओर लोग अपने-अपने घरों के दरवाजे पर आरती की थाली लिए खड़े थे और माताजी का पाद प्रक्षालन एवं आरती उतारने के लिए उत्सुक थे।

**स्वागत हेतु रास्ते भर बनाई गई रंगोली :** शोभायात्रा थाटीपुर से प्रारम्भ होकर मुरार के बाजारों में भ्रमण करते हुए लगभग 3 किलोमीटर का रास्ता तय किया। इस दौरान माताजी के स्वागत हेतु दमोह तेंदूखेड़ा से आये कारीगरों ने जगह-जगह रंगोली बनाई। शोभायात्रा के मार्ग में चारों ओर भक्तों का उल्लास और भक्ति भावना देखने को मिली।

**स्कूली बच्चों ने किया नृत्य, माताजी ने दिया आशीर्वाद :** शोभायात्रा के दौरान सड़क किनारे लगे मंच पर जैन किड्स स्कूल के बच्चे माताजी के स्वागत में नृत्य कर रहे थे, जिसे देख माताजी ने अपने आशीर्वाद दिया।

**दीप प्रज्वलित कर माताजी को किया शास्त्र भेंट :** शोभायात्रा जैन धर्मशाला पहुंची, जहां धर्मसभा का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनावरण पारस जैन सर्राफ, सकल जैन पंचायत के अध्यक्ष पारस जैन एवं अनिल जैन द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलित अभिषेक जैन और विनीता जैन ने किया। वहीं, माताजी को शास्त्र भेंट हरिश्चंद्र जैन, दिवाकर जैन, जैन युवा सेवा मंडल के सदस्य, अजीत जैन, नत्थीलाल जैन, लोकेंद्र जैन, अशोक जैन, और मनोज जैन ने किया। पंचायती मंदिर कमेटी मुरार के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन, मंत्री पंकज जैन, उपमंत्री मणिन्द्र जैन, और उपाध्यक्ष पारस जैन, चातुर्मास कमेटी के संयोजक विजय जैन ने माताजी के चरणों में श्रीफल अर्पित किया। **-ललित जैन भारती**

## आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी महाराज को राजस्थान सरकार ने राजकीय अतिथि का दिया दर्जा

### छोटा गिरनार बापू गांव एवं आदिश्वर धाम चाकसू के प्रणेता आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज का 8 वर्षों बाद होगा राजस्थान में भव्य मंगल प्रवेश



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** छोटा गिरनार बापूगांव एवं आदिश्वर धाम चाकसू के प्रणेता मध्य प्रदेश राजकीय अतिथि पूज्य गुरुदेव 108 प्रज्ञा सागर महाराज का 8 वर्षों के बाद होगा राजस्थान में भव्य मंगल प्रवेश होने जा रहा है। इससे पूर्व राज्य सरकार ने आचार्य श्री को राजकीय अतिथि का दर्जा प्रदान किया है। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा एवं सांगानेर सम्भाग के अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि पूज्य आचार्य श्री के द्वारा अभी तक पांच तीर्थों का निर्माण करवाया गया है जिसमें महावीर तपोभूमि उज्जैन, आदिश्वर धाम तीर्थ चाकसू, भरूच गुजरात, छोटा गिरनार बापूगांव एवं शांति संग्राम, भोज कर्नाटक शामिल हैं। छोटा गिरनार बापू गांव एवं आदिश्वर धाम चाकसू का निर्माण तो केवल मात्र 11 माह में ही पूर्ण हो गया था जो एक कीर्तिमान है।

पूज्य आचार्य श्री द्वारा 25 प्राचीन पुराने मंदिरों एवं अतिशय क्षेत्रों का जीर्णोद्धार किया गया है। पूज्य आचार्य श्री के निर्देशन में मांगी तुंगी में लगातार कई मूर्तियों का लेपन व पूर्ण विकास कार्य चल रहा है।

आचार्य श्री की गत 15 जून से लगातार पर्यावरण यात्रा के नाम से राजस्थान के लिए मंगल विहार याइ चल रही है। इस यात्रा के दौरान आचार्य श्री ने अभी तक लगभग 2500 से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए इस मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। आचार्य श्री का कहना है कि अगर पर्यावरण रहा तो जीवन में शुद्ध हवां मिलेगी और लोग बीमार होने से बचेंगे। पूज्य आचार्य श्री इस बार का चातुर्मास झालरापाटन में करने जा रहे हैं। जहां आगामी बुधवार, 17 जुलाई को भव्य मंगल प्रवेश होगा। आचार्य श्री की चातुर्मास मंगल कलश स्थापना रविवार 21 जुलाई को होगी। जिसमें देशभर से हजारों श्रद्धालुगण शामिल होंगे। झालरापाटन में जैन धर्म के सोलहवें तीर्थंकर कल्पतरु शांतिनाथ भगवान का भव्य मंदिर एवं विशाल जैन नशिया का विकास का कार्य इस चातुर्मास में पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा से प्रारंभ होगा।

गुरु भक्ति चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि पूज्य आचार्य श्री द्वारा लगातार कहीं यात्राएं करके हजारों लोगों को मांस, मदिरा, बीड़ी, गुटखा, सिगरेट इत्यादि छुड़ाने का संकल्प पूरे देश में लगातार चल रहा है। पूज्य आचार्य श्री के द्वारा जन-जन के लिए मंगल उपकार के कार्य किया जा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री का जैन समाज ने जताया आभार :** आचार्य श्री प्रज्ञा सागर महाराज को राजस्थान सरकार द्वारा राजकीय अतिथि का दर्जा देने पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, सांगानेर सम्भाग के अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया, छोटा गिरनार बापू गांव के अध्यक्ष प्रकाश चन्द बाकलीवाल, पारस मल जैन, नेमी चन्द बाकलीवाल सहित समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है। **-विनोद जैन**

## मुनि श्री आगम सागर जी महाराज ससंघ का राजनांदगांव में मंगल प्रवेश 14 जुलाई को



**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री आगम सागर जी, मुनि श्री पुनीत सागर जी, ऐलक धैर्य सागर जी महाराज का रविवार 14 जुलाई 2024 को प्रातः काल की बेला में श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर राजनांदगांव में मंगल प्रवेश होगा। सर्व विदित है की आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से यहां नवीन पाषाण के जिनालय का निर्माण होना है जिसकी परिकल्पना को मूर्त रुप प्रदान करने व जिनालय निर्माण के शुभारंभ हेतु मुनि संघ राजनांदगांव पधार रहे हैं, वे यहां नवीन जिनालय निर्माण से संबंधित अपना कुशल मार्गदर्शन एवं मंगल आशीष प्रदान करेंगे उक्त जानकारी चंद्रगिरी तीर्थक्षेत्र डोंगरगढ़ के महामंत्री श्री चंद्रकांत जैन द्वारा प्रदाय क गई।

## श्री सुमंगल प्रभा जी का साध्वी समुदाय के साथ दुर्ग नगर मंगल प्रवेश



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** आज ग्राम कोटनी से साध्वी डॉक्टर सुमंगल प्रभा जी डॉक्टर सुवृद्धि श्रीजी श्री रजत प्रभा जी श्री प्रांजल श्रीजी एवं वंदन श्री जी का आज दुर्ग नगर में मंगल प्रवेश हुआ बड़ी संख्या में श्रमण संघ परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भगवान महावीर एवं गुरु भगवंतो के जयकारों के साथ आध्यात्मिक माहौल में प्रवेश हुआ प्रवेश के पश्चात साध्वी समुदाय श्री संतोष जी पंकज जी बेगानी के नवनिर्मित मकान में विराजमान है कल सुबह प्रातः 6:30 बजे प्रार्थना एवं 8:45 बजे प्रवचन होगा 13 तारीख को सुबह वहां से बिहार कर ऋषभ कॉलोनी में सुराणा पब्लिक स्कूल में साध्वी मंडल विराजमान रहेगा

15 जुलाई को प्रातः 6:30 बजे ज्ञानचंद संदीप कुमार बाफना के निवास स्थान इंदिरा मार्केट से मोती कंपलेक्स गांधी चौक शनिचरी बाजार होते हुए साध्वी समुदाय का जय आनंद मधुकर रतन भवन में प्रातः 7:30 बजे महामंगल प्रवेश होगा प्रवेश के पश्चात प्रतिदिन दैनिक धर्म क्रिया प्रारंभ होगी। आज प्रवेश महोत्सव पर श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल के सदस्य साध्वी मंडल के साथ धार्मिक भजन गाते हुए विहार यात्रा को यादगार बना दिया आज की इस बिहार यात्रा में श्रमण संघ महिला मंडल वर्धमान सेवा मंच एवं श्रमण संघ परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। **-नवीन संचेती**

## आर्यिका रत्न गुरुमति माताजी एवं वरिष्ठ आर्यिका दृणमति माताजी सहित 17 माताजी का आज विदिशा आगमन





**विदिशा ( विश्व परिवार )।** शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महामुनिराज की वरिष्ठ शिष्या एवं आचार्य श्री समयसागर जी महाराज की आज्ञानुवर्ती आर्यिका रत्न गुरुमति माताजी, एवं वरिष्ठ आर्यिका दृणमति माताजी 17 आर्यिकाओं के साथ प्रात:कालीन बेला में सुवह 7:30 बजे विदिशा नगर में शनिवार को मंगल प्रवेश करेंगी आपके साथ नगर गौरब आर्यिका सिद्धमति माताजी का 28 वर्ष पश्चात पदार्पण होगा। श्री सकल दि.जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आर्यिकासंघ की मंगल अगवानी श्री धर्मनाथ दि. जैन मंदिर बंटीनगर चौराहे से प्रात:7:30 बजे की जाऐगी एवं शोभायात्रा के रुप में ओव्हरब्रिज से होते हुये श्री पारसनाथ जिनालय अरिहंत विहार स्थित जैन मंदिर में पधारेंगी। एवं धर्मसभा को सम्वोधित करेंगी श्री जैन ने बताया आर्यिकासंघ का मंगलविहार चातुर्मास हेतु मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की ओर चल रहा है। सुक्रवार की आहार चर्या अतिशयक्षेत्र ग्राम हिरनई में हुई। दौपहर पश्चात विहार होकर रात्री विश्राम ओलमपंस स्कूल में होगा। सभी धर्मप्रेमी माता एवं बहनों से तथा बालिकाओं से श्री सकल दिगम्बर जैन समाज एवं श्री पारसनाथ दि. जैन मंदिर समिति अरिहंत विहार सभी श्रद्धालुओं से निवेदन करती है कि शनिवार को प्रात:7 बजे मंगल अगवानी कर पुण्यलाभ अर्जित करें। **-अविनाश जैन**

## प्रेरणादायक व्याख्यान : पं. रविन्द्र तिवारी द्वारा शारीरिक और बौद्धिक विकास के माध्यम से उत्कृष्टता पर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मेट्स विश्वविद्यालय ने 12 जुलाई, 2024 को प्रतिष्ठित पंडित रविन्द्र तिवारी द्वारा एक प्रेरणादायक व्याख्यान की मेजबानी करने का सौभाग्य प्राप्त किया। पंडित तिवारी, एक प्रख्यात प्रेरक वक्ता और भारतीय वायु सेना के पूर्व प्रमुख प्रशिक्षक, ने शारीरिक और बौद्धिक विकास के माध्यम से उत्कृष्टता विषय पर एक प्रेरक सत्र प्रस्तुत किया।

अपने संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली भाषण में, पंडित तिवारी ने जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए शारीरिक और बौद्धिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने के व्यावहारिक टिप्स साझा किए। उन्होंने सही श्वास तकनीक, पर्याप्त जलयोजन, और सोच प्रक्रिया को व्यक्तिगत और पेशेवर सफलता के लिए महत्वपूर्ण अभ्यास के रूप में रेखांकित किया।

## छ.ग. चेंबर के 64 वर्ष के इतिहास में पहली बार इस कार्यकाल में 10 हजार से अधिक चेंबर सदस्य बने

**इस उपलब्धि पर चेंबर कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाई गई केक सेरेमनी**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान कार्यकाल में चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी के नेतृत्व में 10 हजार से अधिक चेम्बर सदस्य बने हैं। चेंबर की इस नवीन उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज चेम्बर भवन में केक सेरेमनी का आयोजन किया गया।

चेंबर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि आज का दिन बड़े हर्ष का दिन है यह हम सब का सौभाग्य है कि हम आज इस दिन के साक्षी बने हैं। चेंबर के 64 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार है कि इस कार्यकाल में 10 हजार से अधिक चेम्बर सदस्य जुड़े हैं। इसका संपूर्ण श्रेय हमारे चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी एवं समस्त चेम्बर कार्यकारिणी के साथ युवा, महिला, उद्योग, ट्रांसपोर्ट चेंबर एवं इकाई पदाधिकारियों को जाता है जिन्होंने अपने कर्तव्य का पूर्णतः निर्वहन करते हुए व्यापारी हित एवं जनहित में अपना योगदान दिया। श्री भसीन जी ने आगे कहा कि चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी जी के नेतृत्व में इस कार्यकाल में अनेकों कार्य हुए हैं जिससे प्रदेश के सभी व्यापारीगण एवं आमजन परिचित हैं। इसी कड़ी में चेंबर के इतिहास में यह एक नया अध्याय जुड़ गया है जिसे स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। इस कार्यकाल में 10 हजार से अधिक व्यापारीगण चेंबर से जुड़े हैं जो यह प्रदर्शित करता है कि चेंबर पर और चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी जी पर व्यापारियों का विश्वास कितना गहरा है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने इस अवसर पर कहा कि ये मेरे लिये बहुत भावुक कर देने वाला क्षण है यह उपलब्धि चेम्बर के सभी व्यापारी भाइयों की उपलब्धि है। आज के इस उपलब्धि पर मैं समस्त चेम्बर पदाधिकारीगण के साथ उन समस्त व्यापारियों को भी बधाई देना चाहता हूं जो आज चेंबर से जुड़कर चेंबर को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं।

## कांगेर वैली अकादमी ने 19वाँ स्थापना दिवस मनाया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कांगेर वैली अकादमी ने अपना 19वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस दिन विद्यालय के चयनित नायकों का अलंकरण भी किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. गौरवकुमार सिंहकलेक्टररायपुर उपस्थित रहे। विद्यालय के मुख्य संरक्षक श्री स्वरूप चंद जी जैन एवं मार्गदर्शक श्री रतनलाल जी जैन की उपस्थिति में मुख्य अतिथि ने विद्यालय के दल नायक तथा उप नायकों को बैच लगाकर अलंकृत किया। विद्यालय के निदेशक श्री के. मोहंती ने सभी दल नायकों को अपने कर्तव्य की शपथ दिलाई। विद्यालय 4 सदनों में बँटाहुआ है।सिट्रीन, एमरल्ड, रूबी, सफ़ायर। जिसमें सिट्रीन सदन के दल नायक सिद्धांतगोयल, अवनी मित्तल, उपनायकसंदीपनचक्रवर्ती, सान्वीद्विवेदी, सफ़ायर सदन से नायक ईशान चंद्रवंशी, मानसी अग्रवाल उपनायक अर्नव टिकरिया, रीतिका गुप्ता, एमरल्ड सदन से नायक अंशुमाली सिंह भुवाल, इशिका बेगानीअरव अग्रवाल, गौतमीचंद्रवंशी, रूबी सदन सेनायकदिव्य गेरा, शुभी शुक्ला, उपनायकशौरीश सिंह राजपूत, भूमिका अग्रवालतथाशाला नायक महावीर जैन एवं शाला नायिका समृद्धि रामपुरिया ने विद्यालय के प्रति अपनी कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। इस अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की इस कड़ी मेंविद्यालय के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वालीहानियों पर प्रकाश डालाएवं समाज में जागरूकता लाने का सुंदरप्रयास किया।

मुख्य अतिथि महोदयनेअपनेउद्बोधन में कहा कि हमें पढ़ाई पर तो विशेष ध्यान देना ही चाहिए, किंतु साथ ही साथ खेल को किसी भी तरह से नज़रअन्दाज़ नहीं करना चाहिए। क्योंकि लक्ष्य को प्राप्त करने में शिक्षा की महती भूमिका होती है, किंतुहमेंध्यान रखना चाहिए कि शिक्षा प्राप्त करने में स्वस्थ शरीर का भी महत्वपूर्ण योगदान होताहै। मुख्य अतिथि महोदय ने अपनी सफलता का राज़ बताते हुए कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा मेंमेराचयन होने के पीछेकाकारणहिंदीहै। तकनीकी विषयों की पढ़ाई करने के पश्चात अंततः मैंने हिंदीसाहित्य मेंएम.ए.कियाऔर उसी का परिणाम है कि आज मैं आपके समक्षकलेक्टर के रूप में उपस्थित हूँ।

कलेक्टर महोदय ने वृक्षारोपण के महत्त्व पर प्रकाश डालतेहुएविद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों कोअपनी माँ के नाम परएक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करतेहुए संकल्प दिलायाऔरस्वयंविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया। विद्यालय के संरक्षक श्री स्वरूप चंद जैन ने स्थापना दिवस पर सभी को बधाई देते हुए नुक्कड़-नाटक की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में कांगेर वैली के चेयरमैन श्री संजय जैन, सचिव श्रीमती राखी जैन, प्राचार्यश्रीअबिजितदासएवंविद्यालय समितिकी सदस्य साराजैन, रिया जैनऔर बच्चों के पालक उपस्थित रहे।


प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम लगाया

**बलरामपुर(विश्व परिवार),।** बलरामपुर जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 3 में स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर उन्होंने जिले वासियों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष में कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भाजपा कार्यालय परिसर में चलाया गया। श्री जायसवाल ने कहा कि जिस प्रकार लगातार वातावरण प्रदूषण फैल रहा है। यह हम सबके लिए आने वाले समय में और खतरनाक साबित होगा। हम सबको अब जागरुक होने की आवश्यकता है मां के नाम पौधा लगाने के बाद हम सब की जिम्मेदारी होती है कि उसका संरक्षण भी बड़े होते तक करें। उन्होंने इस अभियान से अधिक से अधिक लोगो को जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप सोनी, भाजपा युवा मोर्चा के गौतम सिंह, भाजयुमो जिला महामंत्री अश्वनी गुप्ता छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसाइटी के आकाश तिवारी सहित भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### बलरामपुर जिले में सर्पदंश की सर्वाधिक 141 घटनाएं हुईं

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 1 अप्रैल अब तक जिले मे सर्पदंश की 141 घटना जिले में हो चुकी है वही सर्पदंश से मृत्यु पांच लोगों की हो चुकी है। मानसून में सर्वप्रथम की घटना में वृद्धि हो जाती है वहीं आने वाले समय में बरसात के साथ सर्पदंश की घटनाओं में भी वृद्धि होगी। जिले में सबसे अधिक सर्पदंश की घटनाएं बलरामपुर विकासखंड एवं सबसे कम शंकरगढ़ विकासखंड में हुई है। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष मानसून के समय में सर्पदंश की घटनाओं में एकाएक वृद्धि हो जाती है वहीं सर्पदंश से कई लोगों की मृत्यु झाड फूंक्र के चक्कर में पड़ने के कारण हो जाती है सांप काटने के बाद अस्पताल जाने में लोग जागरूकता के अभाव में देरी कर देते हैं एवं झाड़ फूंक्र के चक्कर में घंटे गुजार देते हैं जिसके बाद जब वह अस्पताल जाते हैं तो तब तक स्थिति बिगड़ गई रहती है ऐसे में बचना मुश्किल हो जाता है। जागरूकता के अभाव में लोग बैग गुनिया का सहारा लेते हैं। 1 अप्रैल से अबतक तक बलरामपुर विकासखंड में सर्पदंश की 51 घटना, कुसमी विकासखंड में 14 घटनाएं,राजपुर विकासखंड में 14 घटना, रामानुजगंज विकासखंड में 8 घटना, शंकरगढ़ विकासखंड में तीन घटना एवं वाड्रफ्नगर विकासखंड में 50 घटनाएं हो चुकी है। जिसमें सांप काटने के बाद अस्पताल समय पर ले जाने के बाद भी 7 लोगों की स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर अच्छे उपचार के लिए रेफ्र किया गया था।सर्पदंश से वाड्रफ्नगर विकासखंड में 4 लोगों की मृत्यु एवं राजपुर विकासखंड में 1 की मृत्यु हो चुकी है। सरकारी आंकड़ा के अलावा भी कई हुए हैं सर्पदंश से मृत्यु के शिकार........ जिले में सरकारी आंकड़ा के मुताबिक 1 अप्रैल से अब तक पांच लोगों की मृत्यु सांप काटने से हुई है परंतु सरकारी आंकड़ों के अलावा भी कई लोगों की मृत्यु सांप काटने से हुई। सांप काटने के बाद कई तो अस्पताल भी नहीं पहुंच पाए। सीएमएचओ डॉक्टर बसंत ने बताया कि जिले में 5 हजार से अधिक एंटी वेनम उपलब्ध है। उन्होंने अपील की है कि सांप काटने के बाद झाड़ फूंक्र के चक्कर में न पड़े तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र मरीज को ले जाएं एवं चिकित्सा को सूचित करें। उन्होंने बताया कि सर्पदंश के मरीजों के इलाज हेतु जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें सर्वप्रथम के बचाव हेतु आवश्यक उपचार के संबंध में तथा स्नेक एंटी वेनम के बारे में बताया गया है।

### विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर जागरूकता शिविर का आयोजन

**कांकेर(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री आनंद कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में आज विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कालिंदी नर्सिंग इंस्टीट्यूट कॉलेज कांकेर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव श्री भास्कर मिश्र द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि इस दिन को मानने का मुख्य उद्देश्य लोगों को जनसंख्या विस्फोट, परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थय के प्रति जागरूक करना है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या, बेरोजगारी, गरीबी, संसाधनों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण और जीवन स्वास्थ में गिरावट जैसी समस्या नियंत्रण के बारे में जागरूक होना चाहिए, जिससे की आने वाला भविष्य उज्ज्वल हो।

## ड्राप आउट बच्चों को स्कूली शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

### विद्यार्थी क़े सतत शिक्षा क़े अवरोधों को दूर करने अधिकारी बनेगें मेंटऱ



**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय क़े सभाकक्ष में नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 क़े प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने अधिनियम क़े तहत स्कूलों प्रवेश लिए बच्चों क़े ड्राप आउट की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए ड्राप आउट बच्चे शिक्षा से वंचित न हों। इसक़े लिए स्कूली शिक्षा प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही क़े निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित समिति क़े सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि बच्चे किस कारण से ड्राप आउट हो रहे है उसकी जाँच कर आवश्यकता अनुसार स्कूलों में दाखिला कराएं। यदि पालक मजदूरी क़े कारण पलायन कर जाते है तो उनके बच्चों को आश्रम - छात्रवास में प्रवेश दिलाएं। उन्होंने कहा कि आरटीई क़े तहत प्रवेशित बच्चों, उनके पलकों तथा प्राचार्यों की बैठक कराएं। जिसमें आरटीई नियमों की जानकारी दी जाए ताकि बच्चे, पालक व प्रचार्यों को पूरी जानकारी हो सके। उन्होंने निजी शालाओ में शिक्षण शुल्क, गणवेश तथा पठन सामग्री की जानकारी लेते हुए निर्धारित शिक्षण शुल्क से अधिक किसी भी निजी स्कूल द्वारा नहीं लेने क़े निर्देश दिए। उन्होंने शासन क़े निर्देशानुसार नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम क़े सफल क्रियान्वयन हेतु विद्यार्थियों और पलकों को सतत प्रेरित और सहायता प्रदान करने तथा पालक स्कूल प्रबंधन एवं प्रशासन क़े मध्य समन्वय कर अवरोधो को दूर करने हेतु जिले क़े अकादमिक रूचि रखने वाले तथा स्वप्रेरित अधिकारियों को मेंटऱ नियुक्त करने क़े निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने कहा कि सभी स्कूलों में बच्चों व पालकों की बैठक लेकर सड़क सुरक्षा की जानकारी व अभिव्यक्ति एप्प डाऊनलोड कराएं। जनभागीदारी स्टॉपर बनवाकर स्कूल खुलने व बंद होने क़े समय सडक क़े दोनों ओर स्टॉपर लगवाए जाएं। इसके साथ ही सीसी टीवी कैमरे भी लगवाए जाएं। सत्र 2024-25 में नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2029 क़े अंतर्गत प्रवेश हेतु जिले क़े 210 अशासकीय विद्यालयों क़े 1552 सीटो के लिए 5589 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से 4006 आवेदन पात्र पाए गए। प्रथम चरण के लॉटरी में 1773 बच्चे चयनित हुए जिनमे से 1523 बच्चों का चयनित स्कूलों में प्रवेश हो चुका है।

## विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शत् प्रतिशत उपस्थिति करें सुनिश्चित- कलेक्टर दीपक अग्रवाल

### कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल में जिले के सभी संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने एवं उच्च शिक्षा गुणवत्ता के लिए संचालित गौरव गरियाबंद अभियान के स्वरूप एवं उद्देश्यों की चर्चा की। उन्होंने सभी स्कूलों के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए संकुल समन्वयकों को सक्रियता के साथ अपने संकुल के स्कूलों का निरीक्षण करने एवं अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिये। जिससे स्कूलों में पढ़ाई का बेहतर माहौल बना रहेगा। परिणाम स्वरूप शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल किये जा सकेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्कूलों में बेहतर परिणाम के लिए विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों की भी शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा स्कूलों में शाला भवनों का रख-रखाव, सफाई व्यवस्था, निर्धारित समय पर स्कूलों का संचालन, बच्चों को पाठ्यपुस्तक वितरण का कार्य समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही जर्जर भवनों में कक्षा संचालित नहीं करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संकुल समन्वयकों की ग्रेडिंग भी की जायेगी। बेहतर परीक्षा परिणाम वाले संकुल समन्वयकों को प्रोत्साहित किया जायेगा तथा चयनित समन्वयकों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। साथ ही खराब परीक्षा परिणाम वाले संकुल समन्वयकों की जावबदेही तय की जायेगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. सारस्वत, डीएमसी श्री के.एस.नायक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संकुल समन्वयकों को गौरव गरियाबंद अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के शत प्रतिशत सफ्लता हासिल करने के लिए विशेष कार्य योजना है। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक मेहनत करते हुए सभी स्कूलों में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल करने के लिए गंभीरतापूर्वक अधिक प्रयास की जाए। बोर्ड परीक्षा में अच्छे रिजल्ट के लिए बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही पाठ्यक्रम के हिसाब से शिक्षकों द्वारा बच्चों को निरंतर मार्गदर्शन एवं लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरणा दी जाए।

## जल जीवन मिशन में ढिलाई करने वाले 13 ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। हालांकि, मिशन के अंतर्गत कार्यरत कुछ ठेकेदारों द्वारा लापरवाही और काम में ढिलाई के कारण यह लक्ष्य प्राप्त करना मुश्किल हो रहा था। इस संबंध में कई शिकायतें और समस्याएं सामने आई थीं, जिन्हें ङ्कह्स (विजन न्यूज़ सर्विस) ने प्रमुखता से उठाया था। बीजापुर जिले के 563 गांवों के लिए 361 करोड़ की लागत से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से हर घर नल कनेक्शन देने का कार्य शुरू किया गया। दो साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी आज पर्यन्त तक कार्य अधूरा है।जल जीवन मिशन के तहत बीजापुर जिला के मुरकीनार गांव में लगभग एक साल पहले से 卐जल जीवन मिशन का कार्य किया जा रहा है। ङ्कह्स ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट में दिखाया कि कैसे कुछ ठेकेदारों द्वारा कार्यों में देरी और निम्न गुणवत्ता का निर्माण कार्य किया जा रहा था। रिपोर्ट में ठेकेदारों की लापरवाही और कार्यप्रणाली की गंभीर खामियों को उजागर किया गया था। इस रिपोर्ट के बाद प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए उन ठेकेदारों पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया जो अपने कार्यों में लापरवाही बरत रहे थे। कलेक्टर के आदेश पर 29 ग्रामों के 13 ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। ब्लैकलिस्टेड ठेकेदारों को भविष्य में किसी भी सरकारी परियोजना में शामिल होने से रोक दिया गया है। इस खबर के बाद जनता में भी प्रशासन की कार्रवाई के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी जा रही है।

## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, महिला मरीज को दिया बेबी किट

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर शर्मा ने आज अपने नवागढ़ विकासखंड दौरे के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं केंद्र की स्थिति और सेवाओं का मूल्यांकन किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समुदाय के स्वास्थ्य सेवाओं को कैसे प्रदान कर रहा है और यह सुनिश्चित किया जाए कि सेवाएं उचित और गुणवत्तापूर्ण हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। इसमें डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता, दवाओं की समय पर वितरण, और चिकित्सा उपकरणों की स्थिति शामिल थी। उन्होंने यह देखने का प्रयास किया कि केंद्र में किस प्रकार से विभिन्न बीमारियों का प्रबंधन किया जा रहा है, जैसे मलेरिया, टीबी, और अन्य सामान्य रोग। कलेक्टर ने समुदाय की जनसंख्या के स्वास्थ्य की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का भी अवलोकन किया और देखा कि कैसे केंद्र इसे सहायता प्रदान कर रहा हैं उन्होंने केंद्र में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और परिवार नियोजन सेवाएं कैसे प्रदान की जा रही हैं इसकी जानकारी ली। केंद्र में स्वच्छता और जल संरक्षण की व्यवस्था कैसी है। उन्होंने सुनिश्चित किया कि स्वच्छता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए और जल संसाधन का सही उपयोग हो।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि नियमितीकरण सहित 18 बिंदु मांग के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**कांकेर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ अमित मिरी व कौशलेश तिवारी, एनएचएम संघ जिला अध्यक्ष प्रवीण राजपूत के मार्गदर्शन में जिला काँकेर के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 बिंदु माँग को लेकर ज्ञापन दिया गया, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी संघ के अपने लंबित पुरानी मांगों को लेकर लगातार माँग पत्र मंत्री एंव विधायक के दे रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा किया गया था जिसमें 37000 हजार संविदा कर्मचारियों के लिए 350 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था. लेकिन बहुत से विभागों को 27त्न वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है जिसमें मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन आदि लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है , उक्त संबंध में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री सहित जनवरी 2024 से लेकर अभी तक 24 बार विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका हैं, उसके बाद भी किसी भी प्रकार से निराकरण नई हुवा है ,जिसके कारण संविदा स्वास्थ्य एनएचएम कर्मचारियों में लगातार रोष व्याप्त होते जा रहा है। उक्त माँग को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र सौपा गया ।जिसमें संघ के सक्रिय साथी दीपक कुमार वर्मा, गौरव सोनी,अनीस खान,रितेश जैन,लिपिका जैन,डुमेश्वरी सिन्हा, पूर्णिमा,आकाश सिंह ठाकुर,कोमल पटेल,मनेंद्र साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के संविदा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति में तेजी लाएं : कलेक्टर

### जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक संपन्न




**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक भारतीय स्टेट बैंक के संयोजन से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं आधार सीडिंग सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने बैंकों में सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली विभिन्न योजनाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत ॠण स्वीकृति में तेजी लाएं। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले के दूरस्थ अंचलों में स्थित बैंक स्वहायता समूहों के विभिन्न प्रकार के आजीविका व रोजगार हेतु ॠण की स्वीकृत प्राथमिकता के साथ करें। जिले में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में नियद नेल्लानार एवं दो आकांक्षी ब्लॉक भी शामिल हैं, जहां योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन किया जाना है। इसके लिए सभी बैंक योजनाओं के सफ्ल क्रियान्वयन में भी अपनी सहभागिता निभाएं। कलेक्टर ने भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण कार्यों के प्रगति की जानकारी ली और कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात हितग्राहियों को शतप्रतिशत ॠण की स्वीकृति हो। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों का खाता खोलने एवं बैंक लिंकेज करने, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, जिला व्यापार एव उद्योग केन्द्र तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित स्वरोजगार योजना सहित अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा संचालित योजनाओं में ॠण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही सभी बैंकों से स्वसहायता समूह, एमएसएमई के तहत लघु उद्यम को बढ़ावा देने एवं कृषि संबंधी ॠण स्वीकृति पर ध्यान देने और नए खाताधारकों एवं आधार इनेबल खाताधारकों को डिजिटल बैंकिंग की सुविधा देने के लिए कहा गया। कार्यक्रम के अंत में शासकीय योजनाओं में अच्छे प्रदर्शन के लिए बेस्ट बैंक श्रेणी की में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक और आईडीबीआई बैंक तथा बेस्ट ब्रांच मैनेजर की श्रेणी में बैंक ऑफ बड़ौदा चारामा के ब्रांच मैनेजर श्री मोतीलाल पांडा और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर श्री शशिकांत राजन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित आर.बी.आई, एसबीआई एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कोलंबिया ने उरुग्वे को हराकर कोपा अमेरिका फाइनल में जगह बनाई



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** कोलंबिया ने उरुग्वे को 1-0 से हराकर 28 मैचों से अपना अजेय क्रम जारी रखा और बुधवार देर रात कोपा अमेरिका फाइनल में जगह बनाई. कोलंबिया रविवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में अर्जेंटीना के साथ ग्रैंड फाइनल में खेलने के लिए मियामी गार्डन्स की ओर बढ़ रहा है, जबकि उरुग्वे शनिवार को बैंक ऑफ अमेरिका स्टेडियम में कनाडा के साथ खेलने के लिए शार्लोट में ही रहेगा, जहां तीसरा स्थान निर्धारित होगा. पहले 10 मिनट में दो दिग्गज खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को सावधानी से परखा, जिसके परिणामस्वरूप केवल एक शॉट लगा. कोलंबिया के पास पहला बड़ा मौका बनाने की अधिक संभावना थी, लेकिन उरुग्वे के डार्विन नुनेज इसके करीब पहुंच गए. नुनेज ने पेनल्टी क्षेत्र में कई कोलंबियाई डिफेंडरों को पीछे छोड़ते हुए निचले बाएं कोने में एक शक्तिशाली शॉट मारा, जो बाल-बाल चूक गया. कई मौकों के बावजूद, उरुग्वे के स्ट्राइकर गोल नहीं कर सके. ब्राजील के खिलाफ चोट के कारण सेंटर बैक रोनाल्ड अराउजो को खोने के बाद, उरुग्वे को एक और झटका लगा, जब 35वें मिनट में रोड्रिगो बेंटानकुर चोटिल हो गए और उनकी जगह गिलर्मो वरेला को मैदान में उतारा गया. 40वें मिनट में, कोलंबिया ने आखिरकार जेम्स रोड्रिगेज की सेट-पीस डिलीवरी के जरिए गोल किया, जिससे हेडर से गोल हो गया. रोड्रिगेज के कॉर्नर पर जेफरसन लेर्मा ने गेंद को रोशेट के नजदीक पोस्ट में पहुंचाया. यह गोल कोलंबिया के कप्तान के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ, क्योंकि उन्होंने अपने छठे गोल के साथ लियोनेल मेस्सी के एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा असिस्ट करने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिससे कोलंबिया को सेमीफाइनल में बढ़त मिल गई. 45वें मिनट में, मैच का रुख बदल गया, क्योंकि डेनियल मुनोज को दूसरा पीला कार्ड मिला, जिससे कोलंबिया की टीम हाफटाइम से ठीक पहले 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई. 70वें मिनट तक, खेल और भी ज़्यादा रोमांचक हो गया. विकल्प के तौर पर आए उरुग्वे के दिग्गज लुइस सुआरेज के पास बॉक्स के ऊपर एक बेहतरीन मौका था, लेकिन उनका शॉट पोस्ट के किनारे से टकरा गया. 87वें मिनट में कोलंबिया के माटेउस उरीबे ने उरुग्वे के डिफेंसिव गलती के कारण वन-ऑन-वन का मौका गंवा दिया. सात मिनट के स्टॉपेज टाइम के दौरान, उरीबे ने एक और वन-ऑन-वन का मौका गंवाया, लेकिन रोशेट ने शॉट को बार से डिफ्लेक्ट करके महत्वपूर्ण बचाव किया. उरुग्वे ने अंतिम मिनटों तक अपनी पकड़ बनाए रखी और आखिरी प्रयास को कोलंबियाई डिफेंडर ने रोक दिया.

## OPPO इंडिया ने Reno12 5G सीरीज़ लॉन्च की; एआई फोन की उपलब्धता आसान बनाई

**नई दिल्ली:** आज OPPO इंडिया ने रेनो 12 सीरीज़ लॉन्च की। यह देश में एआई फोन की उपलब्धता बढ़ाने की ओर कंपनी का पहला कदम है। रेनो 12 सीरीज़ ''आपकी दैनिक सहयोगी'' है। इसमें एआई इरेज़र 2.0, एआई क्लियर फेस, और स्मार्ट इमेज मैटिंग 2.0 जैसी खूबियाँ हैं, जो बिना किसी जटिल इमेज एडिटिंग के बेहतरीन और मनोरंजक फोटो प्रदान करती हैं। इस डिवाईस में एआई टूलबॉक्स दिया गया है, जो गूगल जेमिनी एलएलएम द्वारा पॉवर्ड है। इसमें टूलबॉक्स में एआई राईटर, एआई समरी, एआई स्पीक आदि हैं, जिनसे दैनिक उत्पादकता बढ़ती है। Reno12 Pro 5G दो वैरिएंट में उपलब्ध होगा। इसका 12जीबी+256जीबी का वैरिएंट 36,999 रु. में और 12जीबी+512जीबी का वैरिएंट 40,999रु. में मिलेगा। रेनो12 5जी का मूल्य 32,999रु. होगा और यह 8जीबी रैम एवं 256जीबी स्टोरेज के वैरिएंट में आएगा। Reno12 Pro 5G की सेल भारत में 18 जुलाई को शुरू होगी और Reno12 5G 25 जुलाई से OPPO e-Store, Flipkart, और सभी मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स पर मिलना शुरू होगा।

## एमजीएम हेल्थकेयर ने वाइज़ैग (विशाखापत्तनम) में उच्च स्तर का उपचार उपलब्ध कराने के लिए सेवनहिल्स अस्पताल का अधिग्रहण करके अपना विस्तार किया

**रायपुर :** एमजीएम हेल्थकेयर, चेन्नई में स्थित एक प्रसिद्ध मल्टी-स्पेशलिटी क्वाटर्नेरी-केयर हेल्थकेयर ग्रुप, ने सेवनहिल्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया में शामिल होकर सेवनहिल्स हॉस्पिटल, विशाखापत्तनम के अधिग्रहण से अपने सेवा क्षेत्र में अधिक विस्तार करने की घोषणा की है। इस अधिग्रहण के साथ ही, एमजीएम (स्न्नरू) हेल्थकेयर ग्रुप ने पहले अस्पताल के खुलने के बाद 5 वर्षों के छोटे समय में 1000 से अधिक बेड्स को लेकर महत्वपूर्ण योजना पूरी की है। एमजीएम (स्न्नरू) हेल्थकेयर के निदेशक डॉ. प्रशांत राजगोपालन ने अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए कहा है, कि एमजीएम (स्न्नरू) हेल्थकेयर द्वारा सेवनहिल्स अस्पताल का योजनाबद्ध अधिग्रहण चेन्नई के बाहर हमारा पहला प्रयास है। यह देश भर के लोगों को गुणवत्तापूर्ण, किफ़ायती और व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच का विस्तार करने के हमारे लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हमने विशाखापत्तनम में लंबे समय से कार्यरत एक प्रतिष्ठित संगठन सेवनहिल्स के साथ साझेदारी की है, ताकि हम वाइज़ैग (विशाखापत्तनम) के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के रोगियों को बेहतर सेवा प्रदान कर सकें।

## खादी ग्रामोद्योग ने वित्त वर्ष 24 में दर्ज की 1.55 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 में 15.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 1.55 लाख करोड़ रुपये की बिक्री हासिल की है। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में 10.17 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। सरकार की ओर से जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के मोदी सरकार के कार्यकाल में खादी और ग्रामीण इंडस्ट्री के उत्पादों की ब्रिकी पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1,55,673.12 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि 2013-14 में 31,154.2 करोड़ रुपये थी। कुमार ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 के मुकाबले वित्त वर्ष 2023-24 में बिक्री में 400 प्रतिशत, उत्पादन में 314.79 प्रतिशत, नए रोजगार सृजन में 80.96 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है। केवीआईसी का यह योगदान भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 एक विकसित भारत बनाने में एक अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से खादी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे लोगों का खादी के उत्पादों पर विश्वास बढ़ा है। आज के समय में खादी भारतीय युवाओं के बीच एक नई स्टेटस सिंबल के रूप में उभरा है। खादी और ग्रामीण इंडस्ट्री के उत्पादों की मांग बाजार में बढ़ रही है, जिसका असर हमारे प्रदर्शन पर भी दिख रहा है। आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में खादी और ग्राम उद्योग के प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम मिलने लगे हैं। ये आंकड़े दिखाते हैं कि %मेक इन इंडिया% और %वोकल फॉर लोकल% जैसे अभियानों से स्वदेशी उत्पादों पर लोगों का विश्वास बढ़ा है। पिछले 10 वर्षों में खादी कपड़े के उत्पादन में अप्रत्याशित 295 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2013-14 में खादी कपड़े का उत्पादन 811.08 करोड़ रुपये था, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 3,206 करोड़ रुपये हो गया है।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

### आईसीसी से बीसीसीआई करेगी ये मांग





**नईदिल्ली( एजेंसी )।** टी 20 विश्व कप 2024 के बाद आईसीसी का अगला इवेंट आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 हैं. ये मेगा इवेंट पाकिस्तान में आयोजित होना है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस आयोजन की तैयारी कर रहा है. इसी बीच बीसीसीआई ने उसे बड़ा झटका दिया है. रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं भेजेगी. बोर्ड आईसीसी से इस विषय में अपनी अलग मांग रखेगा. रिपोर्ट के मुताबित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आईसीसी से मांग करेगा कि चैंपियंस ट्रॉफी के उसके मैच दुबई या श्रीलंका में आयोजित कराएं जाएं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के इस कदम से पाकिस्तान बोर्ड को बड़ा झटका लग सकता है. बता दें कि बीसीसीआई से सुरक्षा कारणों की वजह से लंबे समय से भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करती रही है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी उसका यही स्टैंड रहने वाला है.

## केनरा रोबेको ने 'केनरा रोबेको बैलेंस्ड एडवांटेज फंड' लॉन्च किया

**रायपुर।** भारत के दूसरे सबसे पुराने परिसंपत्ति प्रबंधक, केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने आज केनरा रोबेको बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के लॉन्च की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड है, जिसका लक्ष्य जब बाजार अच्छा प्रदर्शन कर रहा हो तो अल्फा उत्पन्न करना और बुरे समय में नकारात्मक जोखिम को कम करना है। बाज़ार अवधि. एनएफओ 12 जुलाई 2024 को खुलेगा और 26 जुलाई 2024 को बंद होगा। फंड का सकल आवंटन इक्विटी के लिए 65त्न या अधिक होगा, जो निवेशकों के लिए इक्विटी कराधान सुनिश्चित करेगा। बाकी का निवेश ऋण और मनीमार्केट उपकरणों में किया जाएगा। इसका उद्देश्य बाजार की अस्थिरता के कारण निवेशकों के व्यवहार में अंतर को दूर करना भी है। केनरा रोबेको बैलेंस्ड एडवांटेज फंड आय सृजन के साथ दीर्घकालिक पूंजी प्रशंसा के लक्ष्य के साथ इक्विटी और ऋण के जोखिम को गतिशील रूप से बदल देगा। यह फंड उन म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो इक्विटी के लिए अपने जोखिम को गतिशील रूप से बदलने की विधि की तलाश कर रहे हैं। यह फंड उन लोगों के लिए भी उपयुक्त हो सकता है केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड के सीईओ श्री रजनीश नरूला ने कहा, जो निवेशक संभावित नुकसान को कम करते हुए बाजार की रैलियों में अपनी भागीदारी को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। फंड में परिसंपत्ति आवंटन एक मालिकाना तीन-कारक परिसंपत्ति आवंटन मॉडल द्वारा निर्देशित किया जाएगा जिसका 20-वर्ष से अधिक की अवधि में परीक्षण किया गया है। केनरा रोबेकोबैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक परिसंपत्ति आवंटन उत्पाद है जो निवेशकों के पूर्वाग्रहों को खत्म करने के लिए इन-हाउस मॉडल के आधार पर गतिशील रूप से इक्विटी आवंटित करेगा।

## थर्मेक्स ने छत्तीसगढ़ में अपने रिडिस्कवर रोड शो में पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभ पहुंचाने वाले पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा समाधानों का प्रदर्शन किया



**रायपुर।** ऊर्जा और पर्यावरण समाधान प्रदान करने और एनर्जी ट्रांजिशन के मामले में विश्वसनीय भागीदार थर्मेक्स ने छत्तीसगढ़ में आयोजित अपने रिडिस्कवर रोडशो में पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा समाधानों का प्रदर्शन किया, जो इस क्षेत्र के उद्योगों को पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों की पेशकश करता है।

छत्तीसगढ़ लौह अयस्क, डोलोमाइट और कोयला जैसे खनिजों का अग्रणी उत्पादक राज्य है। यह भारत के 15त्न स्टील और 100त्न एल्युमीनियम का उत्पादन करता है। छत्तीसगढ़ 2024-29 के लिए अपनी नई औद्योगिक नीति और अपने सतत विकास लक्ष्यों को तैयार करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है, और थर्मेक्स के एनर्जी ट्रांजिशन समाधान इस क्षेत्र का नेतृत्व और समर्थन करना जारी रखेंगे। रिडिस्कवर के छत्तीसगढ़ संस्करण में थर्मेक्स के नवीनतम इनोवेशन और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों को प्रदर्शित करने पर ध्यान दिया गया है। इस कार्यक्रम में भाप और बिजली उत्पादन, वायु प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ बायो-सीएनजी, कोयला गैसिफिकेशन, सौर और पानी एवं अपशिष्ट पानी के लिए नवीनतम तकनीकों वाले महत्वपूर्ण समाधानों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें इन-हाउस विकसित एमवीआर (मैकेनिकल वेपर रिकंप्रेशन) आधारित जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) सिस्टम शामिल था।

इस क्षेत्र में स्टील और सीमेंट सेक्टर में महत्वपूर्ण विस्तार और विकास देखने को मिला है, जो अब भी लगातार जारी है। औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने में सक्रिय रूप से योगदान करते हुए, थर्मेक्स ने स्पंज आयरन एग्जॉस्ट, सीमेंट हीट रिकवरी और विभिन्न दूसरे एग्जॉस्ट ऐप्लीकेशंस के लिए अपशिष्ट हीट रिकवरी बॉयलर की कई यूनिट्स की सफलतापूर्वक आपूर्ति की है।

पिछले 4-5 वर्षों में चावल मिलिंग उद्योग का काफी विस्तार हुआ है, इस क्षेत्र में 500-600 मिलें चल रही हैं। यह वृद्धि चावल की भूसी के तेल सहित चावल और चावल-आधारित उत्पादों की बढ़ती मांग से प्रेरित है, जिसके लिए उन्नत हीटिंग और यूटिलिटी समाधान की आवश्यकता है। थर्मेक्स ने इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए टर्नकी समाधान के रूप में लगभग 300 स्टीम बॉयलर की आपूर्ति की है।

इसके अलावा, थर्मेक्स ने छत्तीसगढ़ क्षेत्र के अधिकांश लोहा और इस्पात निर्माताओं को 200 से अधिक इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर (ईएसपी) की सप्लाई की है। थर्मेक्स के वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण जैसे ईएसपी, और बैग फिल्टर आदि कण उत्सर्जन को कम करने में मदद करते हैं।


## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद

**Phone No. :- 07749-222370, Email Id :- ee-res.balod@gov.in**

**मैनुअल पध्दति निविदा सूचना तृतीय बार)**

क्रमांक / 03 / व.ले.लि./ ग्रा.यां. सेवा / 2024-25 बालोद, दिनांक 11.07.2024

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से बालोद जिले में स्वीकृत निम्नलिखित कार्यो के लिये सामग्री प्रदाय हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार अथवा वाणिज्यिकर विभाग में सामग्री प्रदाय हेतु पंजीकृत फर्म / डीलर से कार्य विभाग मैन्युअल के अपेडिंक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र सी में स्पीड़ पोष्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 18.07.2024 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाऐं दिनांक 19.07.2024 को प्रात: 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी ।

**कार्य का नाम :-**

1. समुदाय के लिये खेल मैदान निर्माण कार्य (वानिकी वृक्षो का ब्लाक वृक्षारोपण कार्य / बजर भूमि का समतलीकरण कार्य / मिट्टी मरूम रोड कार्य / जल अवशोषण ट्रेन्च कार्य) ग्राम मेडकी ग्राम पंचायत ओरमा विकासखण्ड बालोद सामग्री प्रदाय की अनु. लागत राशि रू. 10.14 लाख अमानत राशि 11200/- निविदा प्रपत्र का मुल्य 750/- सामग्री प्रदाय की अवधि 06 माह

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विकय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल http://cg.nic.in/resworks/Tender_test_report.asp& या अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 11.07.2024 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी-242501038/3

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग**
**बालोद जिला-बालोद ( छ.ग. )**

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, सुकमा (छ.ग.)

**प्रथम आमंत्रण निरस्तीकरण)**

सिस्टम निविदा क्र. 152289 निविदा सूचना क्र. 06/व.ले.लि./2023-24 दि. 01.02.2024

**कार्य का नाम**- सुकमा जिले के विकासखंड सुकमा में कोयाबेकुर व्यपवर्तन योजनांतर्गत शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, नहर सी.सी. लाईनिंग, 3 नग व्ही.आर.बी., 1 नग फॉल, 2 नग सी.डी. का निर्माण, एक्वाडक्ट का मरम्मत एवं कुलाबा फिक्सिंग कार्य।

अनुमानित लागत रु. 185.68 लाख

उल्लेखित कार्य का निविदा आमंत्रित समाचार पत्रों में दिनांक 04.02.2024 को G-07471 के माध्यम से प्रकाशन किया गया है। अत: उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है।

जी- 242500989/3

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग सुकमा**

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

**(प्रथम आमंत्रण)**

दिनांक 08.07.2023

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा रडीर श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 29.07.2024 है।

| एन.आई.टी क्र/ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 264 Tender No. 155813 | जिला धमतरी के कुरूद अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण एवं मुख्य जिला मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य (उपखंड कुरूद एवं मगरलोड)। | रू. 79.90 लाख |
| NIT NO. 265 Tender No. 155816 | जिला धमतरी के कुरूद अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण एवं मुख्य जिला मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य (उपखंड भखारा एवं सिरी)। | रू. 79.70 लाख |
| NIT NO. 266 Tender No. 155817 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्रं.-2 महासमुंद अंतर्गत राज्य मार्ग एवं विभिन्न मुख्य जिला मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 74.61 लाख |
| NIT NO. 267 Tender No. 155819 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्रं.-1 महा महासमुंद अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 79.51 लाख |
| NIT NO. 268 Tender No. 155820 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्र.-1 महासमुंद अंतर्गत मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 59.97 लाख |
| NIT NO. 269 Tender No. 155821 | जिला महासमुंद के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 79.73 लाख |
| NIT NO. 270 Tender No. 155822 | जिला महासमुंद के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 43.85 लाख |
| NIT NO. 271 Tender No. 155823 | जिला महासमुंद के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 64.71 लाख |
| NIT NO. 272 Tender No. 155824 | जिला महासमुंद के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत 01 राज्य मार्ग एवं 02 मुख्य जिला मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 80.00 लाख |
| NIT NO. 273 Tender No.155825 | विकासखंड मैनपुर ग्राम मुड़गेलमाल 200 मैट्रिक टन के गोदाम सह कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। | रू. 24.58 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी - 242500991/3

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

**अधीक्षण अभियंता,**
**लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क. 2 (छ.ग.)**
**आप थी चाह, हमने बनाई राह**



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## विष्णु के सुशासन से
## सँवर रहा छत्तीसगढ़



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



# कृषक उन्नति योजना

छत्तीसगढ़ में किसानों से

## ₹3,100

की दर से प्रति एकड़
21 क्विंटल धान की खरीदी



# समृद्ध किसान
# धान का मिल रहा सर्वाधिक दाम

SAMVAD- 40741/ 1

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें...

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क